आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

• वर्ष- 16 अंक 303 • कटनी • गुरुवार, 8 दिसम्बर, 2022 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • अगहन मास शुक्ल पक्ष-15 • विक्रम संवत् 2079 शके 1935


## नरेंद्र से ज्यादा सीटें भूपेंद्र ले आए



### गुजरात परिणाम : सीटें 182

| पार्टी | आगे | जीते | कुल | |
|---|---|---|---|---|
| भाजपा | 115 | 38 | 153 | +54 |
| कांग्रेस | 016 | 02 | 18 | −59 |
| आप | 06 | 01 | 07 | +07 |
| एनसीपी | 0 | 0 | 0 | 0 |
| अन्य | 03 | 01 | 07 | +07 |

### हिमाचल परिणाम : सीटें 68

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कांग्रेस | 32 | 07 | 39 | +18 |
| भाजपा | 19 | 07 | 26 | −18 |
| अन्य | 02 | 01 | 03 | |




# गुजरात में इतिहास की सबसे बड़ी जीत की ओर भाजपा, विपक्ष धराशायी

**अहमदाबाद, एजेंसी। गुजरात में भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करती दिखाई दे रही है। काउंटिंग के रुझानों के मुताबिक भाजपा 182 में से 37 सीटें जीत चुकी है और 116 पर आगे है। अगर ये रुझान नतीजों में तब्दील होते हैं, तो भाजपा 1985 में कांग्रेस की सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड तोड़ देगी। मोदी के गुजरात का ध्रूरहते भाजपा ने 2002 के चुनाव में 127 सीटें जीती थीं। आंकड़ों पर जाएं तो 1985 के चुनाव में माधव सिंह सोलंकी की अगुआई में कांग्रेस ने 149 सीटें जीती थीं। भाजपा 150 का आंकड़ा पार करने पर अपनी जीत का नया बेंचमार्क तय करेगी, साथ ही साथ कांग्रेस की जीत का रिकॉर्ड भी तोड़ देगी। दिलचस्प बात यह है कि चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था- नरेंद्र का रिकॉर्ड भूपेंद्र तोड़ेंगे। चुनाव नतीजों में यह नजर भी आ रहा है।**

सूबे में भाजपा विधानसभा इतिहास की सबसे बड़ी जीत दर्ज करती दिख रही है। गुजरात में सबसे ज्यादा सीटे जीतने का रिकॉर्ड कांग्रेस के नाम है, जब 1985 के चुनाव में 182 में से 149 सीट जीती थी। 2017 के विभानसभा चुनाव की तुलना में भाजपा को 50 सीट ज्यादा मिलती दिख रही है। पिछले चुनावों में भाजपा को 99 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। तब कांग्रेस ने 77 सीट जीती थी। इस बार भाजपा ने जबदस्त बढ़त हासिल की जबकि कांग्रेस को उतना ही बड़ा नुकसान हुआ।

### संसदीय मंत्री की प्रतिक्रिया

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुजरात के नतीजों पर प्रतिक्रिया वक्त करते हुए कहा, च्गुजरात मॉडल को 2000-2001 से जनता का समर्थन मिला है। हम जो मॉडल देश के सामने पेश कर रहे हैं, उसे स्वीकार किया जा रहा है। मैं गुजरात की जनता और भाजपा को बधाई देता हूं। यह मतदान के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है।

### नरेंद्र के सारे रिकॉर्ड तोड़ें भूपेंद्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात की एक रैली में कहा था कि वो चाहते हैं कि इस बार के चुनाव में च्नरेंद्र के सारे रिकॉर्ड तोड़ें भूपेंद्रज् पीएम मोदी की यह बात सच साबित होती दिख रही है। रुझानों में अब तक भाजपा को 150 सीट मिलती दिख रही है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल 51,000 वोटों से आगे चल रहे हैं।

### भाजपा में जश्न शुरू

गुजरात में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाना शुरू कर दिया है। पार्टी समर्थकों का कहना है कि आम आदमी पार्टी ने दिखावा और हो-हल्ला बहुत किया, लेकिन गुजरात की जनता ने उन्हें नकार दिया है। पार्टी कार्यकर्ता जगह-जगह गरबा करते नजर आ रहे हैं। गांधीनगर में पार्टी के कार्यकर्ता जश्न मनाते नजर आ रहे हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, शुरुआती रुझानों में पार्टी ने 95 के बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया है।

### कांग्रेस ने हार मानी

कांग्रेस ने हार मान ली है। इस चुनाव में सबसे बड़ा नुकसान किसे हुए है तो वो कांग्रेस। गुजरात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश ठाकोर ने कहा, अब तक जो ट्रेंड चल रहा है, वो ठीक नहीं है। पार्टी ने कड़ी मेहनत की है, लेकिन नतीजे उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे।

### आगे हुए हार्दिक पटेल

अब तक की काउंटिंग में पीछे चल रहे भाजपा के हार्दिक पटेल 11,000 वोट से आगे हो गए हैं। मध्य गुजरता में भाजपा 48 सीट मिलती दिख रही है।

### भाजपा को 53 प्रतिशत वोट

गुजरात में अब तक भाजपा को 53प्रतिशत हासिल होते दिख रहे हैं। कांग्रेस को 34 तो आम आदमी पार्टी को 19 फीसदी वोट मिल रहे हैं।

# हिमाचल के रुझानों में कांग्रेस की सरकार

## 3 सीटें जीतीं और 36 पर आगे; भाजपा ने 7 जीतीं और 19 पर आगे

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की 68 विधानसभा सीटों पर काउंटिंग जारी है। कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने की ओर बढ रही है। पार्टी ने 3 सीटों पर जीत दर्ज कर ली है, जबकि रुझानों में 36 पर आगे चल रही है। भाजपा 7 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है, जबकि रुझानों में 19 पर आगे चल रही है। वहीं, निर्दलीय और अन्य उम्मीदवार 3 सीटों पर आगे चल रहे हैं। क्क अभी खाता नहीं खोल पाई है।



### CM ठाकुर रिकॉर्ड 7वीं बार जीते

सराज सीट से सीएम जयराम ठाकुर ने कांग्रेस के चेतराम ठाकुर को रिकॉर्ड 20 हजार से ज्यादा वोटों से हरा दिया है। वहीं, मंडी जिले की सुंदरनगर सीट पर BJP के राकेश जमवाल ने कांग्रेस के सोहन लाल ठाकुर को 8,125 वोट से हराया है। CM ठाकुर के गृह जिले में भाजपा क्लीन स्वीप की ओर बढ़ रही है। 10 में 5 सीटें भाजपा ने जीती हैं, बाकी 5 सीटों पर भी भाजपा आगे चल रही है। कांग्रेस तीन सीटों पर जीती- लाहौल-स्पीति सीट पर कांग्रेस के रवि ठाकुर ने जयराम सरकार में मंत्री रहे डॉ. रामलाल मारकंडा को हराया है। कांगड़ा की जयसिंहपुर सीट से यादविंदर सिंह गोमा ने भाजपा के रवींद्र धीमान और नगरोटा सीट से रघुबीर सिंह ने भाजपा के अरुण कुमार मेहरा को हराया है।

### भाजपा को बागियों से भरोसा

हिमाचल प्रदेश की लड़ाई में निर्दलीय किंगमेकर बन सकते हैं। इनमें से अधिकांश बीजेपी के बागी नेता हैं। विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर इन्होंने निर्दलीय लड़ने का फैसला किया था। शुरुआती रुझानों में बंजार से निर्दलीय प्रत्याशी हितेश्वर सिंह आगे चल रहे हैं। वहीं, डेहरा में निर्दलीय होशियार सिंह बढ़त बनाए हुए हैं। रुझानों के मुताबिक, हमीरपुर से निर्दलीय आशीष शर्मा आगे चल रहे हैं। इसके अलावा हिमाचल की नालागढ़ सीट से निर्दलीय प्रत्याशी केएल ठाकुर आगे चल रहे हैं। ये ऐसी चार सीटें हैं, जहां से हिमाचल में निर्दलीय आगे चल रहे हैं। इनके किंग मेकर बनने की प्रबल संभावना है।हिमाचल विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 35 है और मुकाबला करीबी होने की स्थिति में जोड़-तोड़ की राजनीति शुरू हो सकती है। इसे समझते हुए कांग्रेस ने अपने रणनीतिकारों को ऐक्टिव कर दिया है।

# 6 विधानसभा 1 लोकसभा

## उपचुनाव के रिजल्ट

### मैनपुरी में 80 हजार वोटों से डिंपल आगे, आजम के गढ़ में सपा दे रही भाजपा को टक्कर



नई दिल्ली, एजेंसी। देश के 5 राज्यों की 6 विधानसभा और एक लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव की काउंटिंग जारी है। क्क की मैनपुरी लोकसभा सीट में डिंपल यादव 80 हजार वोटों से आगे चल रही हैं। यहां भाजपा के कैंडिडेट रघुराज शाक्य उनके सामने हैं। भाजपा और सपा के बीच यहां कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। वहीं, आजम खान के गढ़ रामपुर में भाजपा को सपा टक्कर दे रही है। यहां सपा के आसिम रजा आगे चल रहे हैं। खतौली में शुरुआती रुझान में बीजेपी आगे चल रही थी, लेकिन अब दूसरे नंबर पर आ गई है। रामपुर में भाजपा प्रत्याशी आकाश सक्सेना ने अब पिछड़ गए हैं। यहां उनका मुकाबला आजम के करीबी आसिम रजा से है। खतौली में रालोद प्रत्याशी मदन भैया 7000 वोटों से आगे चल रहे हैं। विक्रम सैनी की पत्नी और BJP कैंडिडेट राजकुमारी सैनी फिर पिछड़ गई हैं।

# आम आदमी पार्टी बनी राष्ट्रीय पार्टी

नई दिल्ली, ईएमएस। अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नगर निगम चुनावों में बड़ी जीत दर्ज करने के बाद दूसरे ही दिन एक और रिकार्ड बनाया है। भले ही उनकी पार्टी हिमाचल प्रदेश और गुजरात विधानसभा चुनावों में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाई हो लेकिन उनकी पार्टी ने राष्ट्रीय दल का दर्जा हासिल कर लिया है। इस तरह देश अब राष्ट्रीय दलों की संख्या बढ़कर नौ हो जाएगी।



## बस-ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत

# 30 यात्री घायल, दस की हालत गंभीर

**बैतूल, यशभारत।** बैतूल-सावनेर राष्ट्रीय राजमार्ग 47 पर ससुंद्रा गांव के पास एक यात्री बस और ट्रक आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात रात करीब तीन बजे हुआ। इस हादसे में बस में 30 यात्री घायल हो गए, जिनमें से 10 की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भोपाल से बालाघाट जा रही एमपी सूत्र सेवा की बस क्रमांक एमपी 04 पीए 3652 की विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई। टक्कर होने के बाद ट्रक डिवाइडर पर चढ़ गया। बस का सामने का हिस्सा टक्कर में क्षतिग्रस्त हो गया और चालक सीट पर ही फंसकर रह गया था, जिसे बड़ी मुश्किल से बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती किया गया। घायलों को 108 की मदद से जिला अस्पताल और मुलताई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है।



## वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में चेतावनी

# भारत जल्द ऐसी गर्मी का सामना करेगा, जो इंसान की बर्दाश्त की सीमा से बाहर होगी

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** भारत में पिछले सालों से गर्मी बहुत ज्यादा पड़ने लगी है। हजारों लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार लू का प्रकोप चिंताजनक गति से बढ़ रहा है। अब एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत जल्द ऐसी भीषण गर्म हवाओं का सामना करने वाला दुनिया का पहला देश होगा, जो इंसान की बर्दाश्त की सीमा से बाहर होगी। वर्ल्ड बैंक की 'भारत में शीतलन क्षेत्र में जलवायु निवेश के अवसरज शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि देश अपेक्षाकृत ज्यादा गर्मी का सामना कर रहा है, जो जल्द शुरू हो जाती हैं और कहीं ज्यादा समय तक रहती है। रिपोर्ट में कहा गया है, अप्रैल 2022 में भारत समय से पहले लू की चपेट में आ गया था, जिससे आम जनजीवन ठहर-सा गया था और राजधानी नई दिल्ली में तो तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। मार्च का महीना तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि का गवाह बना था और यह इतिहास का सबसे गर्म मार्च महीना बनकर उभरा था। यह रिपोर्ट तिरुवनंतपुरम में केरल सरकार के साथ साझेदारी में विश्व बैंक द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'भारत जलवायु एवं विकास साझेदारोंज की बैठक में जारी की जाएगी। रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि भारत में जल्द लू की तीव्रता उस सीमा को पार कर जाएगी, जो इंसान के बर्दाश्त करने के योग्य है। इसमें कहा गया है, 'अगस्त 2021 में जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) की छठी आंकलन रिपोर्ट में चेतावनी दी गई थी कि भारतीय उपमहाद्वीप में आने वाले दशक में भीषण लू चलने के अधिक मामले सामने आएंगे।' रिपोर्ट के मुताबिक, जी20 क्लाइमेट रिस्क एटलस ने भी 2021 में आगाह किया था कि यदि कार्बन उत्सर्जन का स्तर अधिक बना रहता है तो पूरे भारत में 2036 से 2065 के बीच लू 25 गुना अधिक समय तक चलने की आशंका है। यह आकलन आईपीसीसी के सबसे खराब उत्सर्जन परिदृश्य के मद्देनजर किया गया था।

# मप्र में बीएससी नर्सिंग सेकंड ईयर की परीक्षा पर हाईकोर्ट लगाई रोक

ग्वालियर, ईएमएस। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच ने प्रदेश भर में आयोजित हो रही बीएससी नर्सिंग सेकंड ईयर की परीक्षा पर रोक लगा दी है। ये रोक नर्सिंग कॉलेजों के फर्जीवाड़े के बाद लगाई गई है। बता दें कि जबलपुर आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के जारी नर्सिंग परीक्षाओं के टाइम टेबल आने के बाद ये रोक लगाई गई है। साथ ही हाईकोर्ट ने इस मामले में आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को 4 जनवरी को हाईकोर्ट में दस्तावेजों के साथ तलब किया है। 1 और 6 दिसंबर को जो नर्सिंग की परीक्षाएं आयोजित हो चुकी हैं उस परीक्षा की उत्तर पुस्तिका को सील करने का आदेश भी हाईकोर्ट ने जारी कर दिया है। दरअसल 19 सितंबर को जबलपुर आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय की तरफ से एक आदेश जारी किया गया था। जिसमें कहा गया कि बीएससी नर्सिंग के सेकंड ईयर की परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में कुछ नर्सिंग महाविद्यालय के विद्यार्थी संबद्धता एवं नामांकन के अभाव में परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पा रहे है, ऐसे महाविद्यालय और उनके के लिए विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा आयोजित कराई जा रही है। ऐसे में याचिकाकर्ता ने पूर्व में नर्सिंग परीक्षाओं के फर्जीवाड़े और ताजा आदेश की लेकर कोर्ट को संज्ञान दिलाया। जिसके बाद कोर्ट ने अपना आदेश जारी किया है। कोर्ट ने बीएससी नर्सिंग की परीक्षा पर रोक लगा दी है।

## फर्जीवाड़े के बाद सख्त कदम

# गुजरात में फिर भाजपा

## सच हुई प्रख्यात भविष्यवक्ता ज्योतिषाचार्य पं. नारायण शंकर नाथूराम व्यास की भविष्यवाणी

**जबलपुर, यशभारत।** गुजरात के विधानसभा चुनाव के नतीजे आज सामने आ रहे हैं जिसमें साफ तौर पर भाजपा को मिला है और वह प्रचंड जीत के साथ फिर साथ में काबिज हो रही है। उल्लेखनीय है कि यशभारत के गत वर्ष 18 सिंतबर 2021 के अंक में ही भाजपा की भारी जीत के बारे में खबर प्रकाशित की थी जिसमें ज्योतिषाचार्य पं. नारायण शंकर नाथूराम व्यास ने भाजपा की जीत की भविष्यवाणी कर दी थी अब जो वह सही साबित हुई है। प्रख्यात भविष्यवक्ता ज्योतिषाचार्य पं. नारायण शंकर नाथूराम व्यास ने गुजरात चुनाव के सम्बन्ध में एक वर्ष पूर्व 18 सितम्बर 2021 को कहा था कि आगामी वर्ष गुजरात में होने वाले विधानसभा चुनाव में कठिन संघर्षों के बावजूद भाजपा एक बार फिर अपनी सरकार बना लेगी। आज जब हमारे प्रतिनिधि ने पं. व्यास से गुजरात चुनाव के सम्बन्ध में पूछा तो उन्होंने कहा कि भाजपा की कुण्डली निश्चित रूप से मजबूत है। वर्तमान में चन्द्रमा की दशा और चन्द्रमा नीच भंग राजयोग मालव्य योग और गजकेशरी योग बना रहा है, पार्टी में अभी भी और अधिक प्रगति की सम्भावना है. जिन राज्यों में पार्टी सत्ता में नहीं है वहां भी उसे अच्छी सफलता मिलेगी शनि की अंतर दशा चल रही है. जिसके कारण आगे जिन राज्यों में भी चुनाव होंगे, वहां क्षेत्रीय दलों से भाजपा को कड़ी चुनौतियां मिलेंगी और विजय प्राप्त करने में भाजपा को पसीना आ जायेगा। अब आगे जहां भी चुनाव होंगे वहां भाजपा बड़ी संख्या में अपने वर्तमान विधायकों के टिकिट काटकर नये स्वच्छ छवि वाले जिताउ लोगों को टिकिट देगी और भारतीय जनता पार्टी का एक तरह से कायाकल्प होगा। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल को 23 दिसम्बर 2022 तक राहु में शुक्र की अंतदशा और चन्द्रमा की प्रत्यंतर दशा रहेगी तथा जेमिनी चर दशा के अनुसार जुलाई 2022 से शुभ समय चल रहा है। केन्द्र और त्रिकोण के स्वामियों के सम्बन्ध से प्रबल राजयोग है, इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी कि भाजपा बहुत अच्छी विजय प्राप्त करेगी।



## यश भारत ने 18 सितंबर 21 को प्रकाशित की थी खबर

# लोकसभा में जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग

नई दिल्ली, ईएमएस । संसद का शीतकालीन सत्र बुधवार 7 दिसंबर से शुरू हुआ। यह सत्र 17 दिनों तक चलने वाला है। इस दौरान सरकार संसद में 16 बिल पेश करेगी। पहले दिन जहां राज्यसभा में वन्य जीव संरक्षण (संशोधन) विधेयक 2022 पर चर्चा हुई। जबकि लोकसभा में जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने की मांग उठी। दोनों सदनों की कार्रवाई गुरुवार सुबह 11 बजे शुरू होगी। राज्य सभा के 258वें सत्र का पहला दिन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के लिए भी खास रहा। जो बतौर राज्यसभा स्पीकर कार्रवाई का उनका पहला दिन था।






# पृथ्वी, मंगल, सूर्य, चंद्रमा एक कतार में

## सबसे बड़ा और चमकीला लाल ग्रह

**नई दिल्ली, ईएमएस।** आज आसमान में अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। हमारी पृथ्वी, मंगल ग्रह और सूर्य के बीच होगी। एक घंटे के लिए चंद्रमा भी इनकी सीध में आया। इस वजह से मंगल पूरी तरह चांद के पीछे छिप गया। हालांकि यह पूरी घटना नॉर्थ अमेरिका और यूरोप सहित नॉर्थ अफ्रीका और खाड़ी देशों के कुछ हिस्सों से देखी जा सकेगी।भारत में लाल ग्रह चमकता तो नजर आएगा, लेकिन चांद के पीछे छिपता नहीं। ऐसा इसलिए क्योंकि इस वक्त देश में सुबह थी साल की आखिरी पूर्णिमा को बना संयोगयह खगोलीय घटना अगहन महीने की पूर्णिमा के दिन होने वाली है। यह इस साल की आखिरी पूर्णिमा है। पूरी तरह से रोशन चंद्रमा के पास मंगल ग्रह चमकता हुआ दिखाई देगा। भारत में इसे देखना मुश्किल होगा, लेकिन यह रात के दौरान नजर आएगा। मंगल के चांद के पीछे छिपने वाली घटना को एशिया के ज्यादातर इलाकों से नहीं देखा जा सकेगा।

**अगला संयोग 2025 में बनेगा**

शुभांक -1-5-8


कटनी, जबलपुर, मण्डला, भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

# हार्ट अटैक से युवाओं की मौत पर कटनी में दहशत, अब तक तीन युवा गंवा चुके जान

## सांई बाबा के मंदिर में माथा टेकते राकेश के बाद दो और मौतें



**कटनी, यशभारत।** मध्यप्रदेश ही नहीं देश भर में इन दिनों हार्ट अटैक से मौत के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। कटनी में सांई बाबा के मंदिर में सिर झुकाते राकेश मेहानी की चर्चा देश भर की मीडिया में है। इसी तरह हाल ही में 2 दिसंबर को जबलपुर में एक मेट्रो बस चालक को चलती बस में दिल का दौरा पड़ा और उसकी मौत हो गई, अब ऐसे ही दो हार्ट अटैक के मामले इंदौर और कटनी शहर फिर से सामने आये हैं। जिसमें एक नई बस्ती के एक गुप्ता परिवार तथा दूसरा प्रेम नगर में भी एक शख्स की अचानक आ रहे हार्ट अटैक की खबरों से लोग दहशत में हैं। आपको बता दें कि राकेश मेहानी के मामले में बेहद अजीबोगरीब ढंग से मौत आई थी। राकेश दिन भर बेहद सामान्य अवस्था में थे। शाम तक दुकान में बैठे फिर दोस्तों से मुलाकात की। कहीं से भी यह नजर नहीं आ रहा था कि यह समय उनका अंतिम समय है लेकिन शाम को हमेशा की तरह गुरूवार को साईं बाबा के दरबार जाने के लिए निकले तब तक भी कोई ऐसी समस्या नहीं थी। फिर मंदिर पहुंचे परिक्रमा की और मंदिर के बीच गर्भ स्थान पर रखी प्रतिमा के पास पहुंचे तब भी बिल्कुल ठीक थे फिर चबूतरे पर सिर झुकाया और सिर झुका तो वापस उठ नहीं सका। कुछ देर लोगों ने सोचा कि यह भक्ति में तल्लीन ध्यान में हैं लेकिन करीब 15 मिनट तक जब वह उसी मुद्रा में बिना किसी हलचल के थे तब एक भक्त ने मंदिर के लोगों को इसकी जानकारी दी और जब राकेश को हिलाया गया तो उनका शरीर आत्मा छोड़ चुका था। यही एक घटना नहीं इसके ठीक दूसरे दिन नई बस्ती में भी एक गुप्ता परिवार का करीब 32 साल का युवा अचानक घर पर गिरा और फिर उठ नहीं सका ठीक इसी तरह की खबर प्रेम नगर से भी आई जहां एक युवक की मौत ठीक इसी तरह हुई हालांकि यह मौत संदिग्ध थी क्योंकि यह युवा जिसकी उम्र करीब 39 साल थी किसी बीमारी का मरीज था। लिहाजा इसे छोड़ भी दें तो बाकी दो युवाओं की मौत ने हार्ट अटैक जैसे साइलेंट किलर से पूरे शहर में दहशत पैदा कर दी है।

### दूध बांट रहे युवक की मौत

इंदौर में सोमवार सुबह एक युवक की दूध बांटते-बांटते मौत हो गई। द्वारकाधीश कालोनी में रहने वाले नीरज पुरोहित रोज की तरह सुबह दूध बांटने निकले थे। नीलकंठ कालोनी में वह पहुंचे और बंदी बांट रहे थे, तभी उनके सीने में तेज दर्द उठा। वह कुछ समझ नहीं पाए। कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। लोगों ने फोन कर परिजनों को इसकी सूचना दी। नीरज नीलकंठ कालोनी में सुबह पहुंचे थे। तभी उनको सीने में दर्द उठा और बाइक का बैलेंस भी बिगड़ गया। नीरज बाइक सहित सड़क पर गिर पड़े। लोगों को लगा कि सड़क हादसा हुआ। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए। वहां डाक्टरों ने बताया कि उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई। नीरज की उम्र 40 साल थी। लगातार दिल का दौरा पड़ने से हो रही मौतों के मामले बढ़ने पर डॉ. नीरेश जैन का का कहना है कि कोरोनाकाल के बाद इस तरह के मामले ज्यादा सामने आ रहे है। 40 से 45 वर्ष की उम्र के लोगों को कठोर शारीरिक परिश्रम, ज्यादा कसरत से बचना चाहिए। कई बार इससे दिल पर दबाव बढ़ता है और दिल का दौरा पड़ने का जोखिम बढ़ जाता है। इसी तरह एक अन्य चिकित्सक मनीष गट्टानी ने भी कहा कि उन युवाओं को विशेष तौर पर सावाधानी रखनी चाहिए जिन्हे कोविड हुआ था। मेडिकल स्पेशलिस्ट डा. एसके शर्मा भी कहते हैं कि कोविड से फेफड़ों पर दुष्प्रभाव हुआ युवा अपनी दिनचर्या मे मेहनत को शामिल करते हैं विशेष तौर पर जिम आदि में ऐसे में उन्हें साइलेंट अटैक पड़ने की संभावना रहती है अतः एहतियात बरतना आवश्यक है।

# 15 से एक माह थमेंगे विवाह समारोह




**कटनी, यशभारत।** पंचांगीय गणना के अनुसार 15 दिसंबर को तड़के 4 बजकर 42 मिनट पर सूर्य देव वृश्चिक राशि को छोड़कर धनु राशि में प्रवेश करेंगे।धनु राशि में सूर्य का प्रवेश धनु संक्रांति कहलाएगी। धर्मशास्त्र के जानकारों के अनुसार धनुर्मास में एक माह तक विवाह आदि मांगलिक कार्य नहीं होंगे। यह महीना धर्म आराधना व तीर्थाटन के लिए विशेष माना गया है। धर्मशास्त्र व निर्णय सिंधु में सूर्य की संक्रांतियों के संबंध में अलग-अलग बातें कही गई हैं। इनमें सूर्य की धनु संक्रांति विशेष बताई गई है। क्योंकि धनु संक्रांति में ही पौष मास आता है और पौष मास में सूर्य की आराधना विशेष बताई गई है। ऐसी मान्यता है कि धनु राशि के सूर्य की साक्षी में धर्म तथा तीर्थ यात्रा करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। क्योंकि प्राकृतिक दृष्टि कोण से इसी दौरान हिमपात, शीतलहर, ठंड का बदला हुआ प्रभाव दृष्टिगत होता है। धर्म, तपस्या तथा आराधना के मान से इसी समय मनुष्य की परीक्षा होती है। धनु संक्रांति के परिभ्रमण में सनातन धर्म का पालन करने वाले श्रद्धालु निरंतर भगवत भजन करते हुए अपनी साधना उपासना को आगे बढ़ाते हैं, इससे उन्हें आदित्य लोक की प्राप्ति होती है। ज्योतिष शास्त्र के कई ग्रंथों में धनु राशि के सूर्य के संबंध में धार्मिक तथा शास्त्रीय महत्व की अलग-अलग बाते उल्लेखित हैं। किंतु मूल रूप से बृहस्पति की राशि धनु में जब सूर्य का प्रवेश होता है, तो वह धर्म आध्यात्म व संस्कृति से संबंधित परिस्थितियों में परिवर्तन करते हुए नए काल खंड का निर्माण करता है। इसी कारण महर्षियों ने सूर्य की धनु संक्रांति में भगवत भजन, कथा श्रवण तथा तीर्थ यात्रा का विशेष महत्व बताया है।

# युवक की बेदम पिटाई का वीडियो वायरल



**कटनी, यशभारत।** कटनी में मारपीट का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियों में कुछ लोग एक शख्स को बेदम पीट रहे हैं। मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार उधार दिए रुपए 300 रुपए मांगना एक युवक को भारी पड़ गया। युवक को चार लोगों ने डंडों और प्लास्टिक के पाइप से जमकर पीटा। युवक ने कहा कि वह द्वारिका सिटी की ओर जाने वाली सड़क पर है। रुपए देने के लिए आ जाओ। तभी वहां चार लोगों ने आकर उसे पीटना शुरू कर दिया। युवक अपने आपको बचाकर किसी तरह भाग निकला। यह पूरी घटना माधवनगर थाना क्षेत्र में आने वाले जिला भाजपा कार्यालय के पास हुई। तौफीक चंदी की दफाई में रहता है। उसने समीन नाम के युवक को 300 रुपए उधार दिए थे। उसे जब रुपयों की जरूरत पड़ी तो वह समीर के पास गया। उसने और उसके परिजनों ने रुपए देने के बदले उसके साथ मारपीट कर दी।

# टमाटर नहीं चला तो मार्बल को बना दिया एक जिला एक उत्पाद



**कटनी, यशभारत।** कम ही लोगों को पता होगा कि कटनी जिले में टमाटर की पैदावार भी बंपर होती है। हालांकि इसमें कटनी से सटे बसे मैहर तहसील का भी प्रमुख योगदान है लेकिन टमाटर की बिकवाली का प्रमुख स्थान कटनी होने के कारण देश भर के लोग कटनी को टमाटर के लिए पहचानते हैं। इस उत्पाद से कई तरह के पैकेज उत्पाद बनते हैं जैसे टमाटो कैचप, टमाटो चिप्स, चटनी आदि इसी के चलते कटनी जिले में टमाटर को एक जिला एक उत्पाद में शामिल किया गया था। केचप सहित अन्य प्रोडक्ट तैयार कर कृषि को लाभ का धंधा बनाना था। 17 नवंबर 2020 से शुरू हुई योजना जिले में अबतक सफल नहीं हो पाई। आपको जानकर हैरानी होगी कि विभागीय अफसर जब टमाटर उत्पाद को लेकर कोई सक्रिय पहल नहीं कर पाए तो इसके स्थान पर सेंड स्टोन और मार्बल को एक जिला एक उत्पाद में शामिल कर लिया गया है। लापरवाही पर पर्दा डालने के लिए टमाटर के साथ ही खनिज से जुड़े संसाधनों में पत्थर की नक्काशी और उससे जुड़े उत्पाद को एक जिला एक उत्पाद में शामिल कर आगे बढने की तैयारी भी दम तोड़ गई है। उद्यानिकी विभाग के द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नययन योजना (पीएमएफएमई) के तहत नवीन खाद्य प्रशंसकरण इकाइयों की स्थापना, पूर्व से स्थापित प्रशंसकरण उद्योगों को बढ़ावा देना, उत्पादों की मार्केटिंग, ब्रांडिंग आदि करना था, लेकिन इसमें भी विभागीय अफसर कोई खास नहीं पहल कर पाए।

**कई लोगों ने दिखाई थी रूचि पर विभाग और बैंको से नहीं मिला सहयोग**

इसके लिए छोटे उद्यमियों ने रुचि दिखाई तो सरकारी कार्यालयों में कागजी दस्तावेज तैयार करने से लेकर बैंकों के चक्कर लगाते रहे, फिर ऐसे परेशान हुए कि हाथ ही पीछे खींच लिया। इसकी मुख्य वजह है कि बैंकों ने आवेदकों की केसीसी न मिलने व सिविल न होने की हवाला देकर राशि ही मुहैया नहीं कराई और युवा-किसानों की उम्मींदों पर पानी फिर गया है। किसानों को उनके उत्पाद की अच्छी कीमत दिलाने से लेकर युवाओं को रोजगार के अवसर उनके क्षेत्र में ही उपलब्ध करवाने के लिए आत्मनिर्भर भारत योजना में एक जिला एक उत्पाद के साथ आत्मनिर्भरता की परिकल्पना दो साल बाद भी सिस्टम की बली चढ़ी हुई है। जानकारी के अनुसार निवार पीरबाबा के समीप रहने वाले समिता गुप्ता के द्वारा टमाटर केचअप उद्योग करोड़ों रुपए की लागत लगाया गया है। सितंबर माह से यूनिट चालू हो गया है। अबतक उनको लोकल किसानों से कोई मदद नहीं मिली। टमाटर जबलपुर-नासिक से मंगाया जा रहा है। ,

### उद्योग लगाने के लिए कराया था पंजीयन

एक जिला एक उत्पाद में टमाटर की प्रोसेसिंग यूनिट लगाने के लिए नंदकिशोर मिश्रा, दिलीप कुमार, भीमसिंह, सुलभ शुक्ला, अनुज तिवारी, सीमा कनकने, रिजवानुल्लाह खान, दर्शन परवेज, स्मिता गुप्ता, कृष्ण कुमार कुशवाहा, तेजभान राय, विजय कुमार निषाद, सुशील कुमार कुशवाहा, ओमप्रकाश लोधी, कमल सिंह लोधी व सौरभ काछी ने पंजीयन करवाया था। इस साल भी 26 लोगों ने पंजीयन कराया है।

# बिलगवां क्षेत्र में नहीं है स्ट्रीट लाइट, जिम्मेदार बोले यह क्षेत्र कहां है हम नहीं जानते!



**कटनी, यशभारत।** राम कृष्ण परम हंस वार्ड नंबर 34 के अंतर्गत आने वाले बिलगवां की समस्याओं का निदान नहीं हो पा रहा। इसे लेकर जागरूक लोगों ने निगमायुक्त को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि एक वर्ष से अधिक समय से रोड लाइटआज भी बंद पड़ी हुई है। कहीं तीन माह कहीं दो माह से खंबो पर लाइट नहीं है। जहां बिजली पोल भी नहीं है वहा पर नई रोड़ लाइट वर्ष 2018 मे लगभग नई रोड़ लाइट हेतु प्रस्ताव पारित किया गया था लेकिन आज तक नई रोड लाइट नहीं लग पाई। साथ ही सफाई व्यवस्था पटरी पर नहीं है आरोप है कि साफ सफाई भी कभी भी सही समय पर नहीं होती। आलम यह है कि हफ्ते हफ्ते झाडू तक नहीं लगती हैं। इन समस्याओ से परेशान होकर कई बार लिखित181 के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कराई थी परंतु जब कोई उचित कार्यवाही समाधान नहीं हुई अब सूचना के अधिकार अधिनियम 2005की धारा के तहत आवेदन किया था जिसमें समय सीमा निर्धारित समय पर उचित कार्यवाही नहीं होने पर उन आवेदनों की समय सीमा के अंदर ही प्रथम अपील की गई जिसके बाद कार्य वाही प्रारंभ की गई मजेदार बात यह है कि शिकायत के जवाब में आयुक्त ने कहा कि यह क्षेत्र कहां पर है हमे नही मालुम है। साथ ही यह भी गाया की विगत कई महीनो से नगर पालिका निगम में विद्युत सामग्री नहीं है जिसके कारण रोड़ लाइट सुधार नहीं की गई। नागरिकों ने कहा कि आयुक्त कई वर्षो से कटनी मे होने के उपरांत भी वार्ड नंबर 34 के भाग बिलगवां जो की नगर पालिक निगम कटनी प्रमुख क्षेत्र है इसको नही जानते हैं ना हीं जानने की कोशिश की।

# शिकायत निराकरण में कटनी का होगा सम्मान



**कटनी, यशभारत।** सीएम हेल्पलाइन की अक्टूबर महीने की जारी ग्रेडिंग के बाद नए मापदंड अनुसार जिले में एल-1 स्तर पर 25 से अधिक प्राप्त शिकायतों में संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने वाले अधिकारियों को कलेक्टर अवि प्रसाद सम्मानित करेंगे। जिला प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन विभाग ने बताया कि ऊर्जा विभाग के समूह में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले उर्जा विभाग के अधीक्षण अभियंता आयूब खान, कनिष्ठ अभियंता दिलदार डाबर ने 94.95 स्कोर प्राप्त कर मप्र में प्रथम स्थान अर्जित किया है। गृह विभाग की सीएम हेल्पलाइन की प्राप्त शिकायतों के संतुष्टि पूर्ण निराकरण करने के मामले में माधवनगर टीआई विजय कुमार विश्वकार्मा द्वारा बेहतर काम किया है। पुलिस विभाग की अक्टूबर महीने में प्राप्त कुल 50 शिकायतों को संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराकर प्रदेश में उत्कृष्ट सम्मान प्राप्त किया है। एल-1 स्तर से संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने वाले लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री विकल्प कुमार पटेल ने 101 शिकायतों में 88 शिकायत संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने, समाजिक न्याय एवं निशक्त कल्याण विभाग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र कुमार तिवारी ने 31 शिकायतों में से 25 शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया है। नगर निगम की सब इंजीनियर कुमारी मोना करेरा ने एल-1 और एल-1 के अतिरिक्त कुल 189 शिकायतों में 98 शिकायतों का एल-1 स्तर, 87 शिकायतों का एल-1 के अतिरिक्त संतुष्टि पूर्ण निराकरण किया है।



# सड़क पर सुरक्षित चलने स्कूली छात्रों को दिया गया प्रशिक्षण

**कटनी, यशभारत।** सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत नगर निगम के साधूराम हायर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें यातायात विभाग से आरक्षक शहंशाह खान ने छात्रों को यातायात के नियमों की जानकारी दी और उनका पालन करने से होने वाले फायदों के विषय में विस्तार से बताया। आरक्षक शहंशाह ने छात्रों को सड़क में पैदल चलने, दोपहिया वाहन और चार पहिया वाहन चलाने में किन-किन नियमों का ध्यान रखना चाहिए, इस बात की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि दोपहिया वाहन चलाते समय सबसे पहले इस बात का ध्यान रखें कि हेलमेट अनिवार्य रूप से पहने,यह आपकी सुरक्षा के लिए है।उन्होंने कहा कि दुर्घटना में अधिकांश लोगों की मौत सिर में चोट लगने से होती है और हेलमेट यदि सिर में हो तो गंभीर चोट से बचाव हो सकता है। इसके अलावा चारपहिया वाहनों में बैठने या चलाने के दौरान सभी को सीट बैल्ट अनिवार्य रूप से पहनना चाहिए। उन्होंने छात्रों को ट्रैफिक सिग्नल और जेब्रा क्रासिंग के संबंध में भी जानकारी दी। इस दौरान सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत स्कूल के आटो चालकों को भी जागरूक किया गया। आरक्षक ने चालकों को वाहन चलाने के नए नियमों की जानकारी दी। साथ ही कहा कि परमिट लेकर ही वाहन चलाएं। इसके अलावा नियमानुसार कलर कोडिंग का ध्यान रखने और निर्धारित क्षमता के अनुसार ही बच्चों व सवारी को बैठाने की हिदायत दी। आरक्षक शहंशाह ने चालकों से कहा कि निर्धारित वर्दी पहनने और उसके साथ ही वाहनों में पुलिस,चाइल्ड लाइन, महिला हेल्पलाइन व अन्य नंबर अंकित कराएं।

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार तीसरा सप्ताह
रोजाना 5 शो ता. 02 से
दोपहर 12, 3.30, 5.15, 7.45 एवं रात्रि 9.30 बजे से


दृश्यम-2
कलाकार- अजय देवगन, श्रेया सरन, अक्षय खन्ना, तब्बू आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 2 शो ता. 02 से
दोपहर 12.30 एवं सायं 6.30 बजे से

भेड़िया
कलाकार- वरूण धवन, कृति सेनन, दीपक दोब्रियाल, अभिषेक बैनर्जी आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 09 से
दोपहर 2.30 एवं रात्रि 10.15 बजे से


डेन्जरस
कलाकार- अपसरा रानी, नैना गांगुली, राजपाल यादव, गोरधन सिंह आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402




# शांतिप्रकाश आश्रम में दो दिवसीय बरसी महोत्सव कल से

**कटनी,यशभारत।** पूज्य बाबा जयराम दास साहब, पूज्य बाबा ईसरदास जी, पूज्य बाबा हरगुनदास जी का वार्षिकोत्सव कल 9 और 10 दिसम्बर स्वामी शांतिप्रकाश आश्रम नई बस्ती में आयोजित किया जा रहा है। सांई रमेश प्रकाश जी महाराज के सानिध्य में आयोजित बरसी महोत्सव में सांय 5 से 7 बजे तक सत्संग होंगे। दरबार से जुड़े सभी अनुयायियों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरुवार, 08 दिसम्बर 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# दोनों तरफ एप्रोच रोड का निर्माण, कटनी नदी पुल से जल्द शुरू होगा आवागमन

## दिसम्बर के आखिरी या जनवरी के पहले सप्ताह में मिलेगी ब्रिज की सौगात

यश भारत खबर विशेष

कटनी, यशभारत। कटनी नदी पुल पर एप्रोच का काम शुरू हो गया है। ब्रिज का निर्माण पहले ही पूरा हो चुका था। ब्रिज के दोनों तरफ एप्रोच का काम कल से शुरू हुआ है। एप्रोच का निर्माण पूरा होने के बाद कटनी नदी पुल से जल्द ही आवागमन शुरू होने की उम्मद जताई जा रही है। इसके बाद यहां रोज-रोज लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी। निर्माण एजेंसी का कहना है कि शहर के लोगों को जल्द ही कटनी नदी पुल की सौगात मिल जाएगी। विदित हो कि कटनी नदी पुल का भूमिपूजन वर्ष 2008 में तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष स्व. ईश्वरदास रोहाणी ने किया था। पुल निर्माण का ठेका रीवा की शुक्ला कंपनी को मिला था। पुल का निर्माण शुरू होते ही इसमे कई तरह के पेंच फंस गए थे, जिसकी वजह से कई सालों तक इसका काम रूका रहा और फिर शुरू हुआ तो घटिया निर्माण की भेंट चढ़ गया।

जनवरी में मिलेगी कटनी नदी पुल की सौगात







### जाम से मिलेगा छुटकारा

कटनी नदी पुल का निर्माण अधर में लटका होने की वजह से इस मार्ग पर रोजाना शहर के लोगों को जाम से सामना करना पड़ता था। चांडक चौक में यातायात के अत्यधिक दबाव की वजह से हर दिन स्थितियां निर्मित होती थी, लेकिन अब कटनी नदी ब्रिज के बनने के बाद इस पर आवागमन शुरू होने के बाद शहर के लोगों को जाम से राहत मिलेगी।

### चांडक चौक पर बढ़ेगा यातायात का दबाव

निर्माण एजेंसी के मुताबिक दिसम्बर के आखिरी या जनवरी के पहले सप्ताह में कटनी नदी पुल बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बाद बस स्टेंड से मिशन चौक मार्ग पर आवागमन काफी सुलभ हो जाएगा। कटनी नदी पुल बनने के बाद चांडक चौक में यातायात का दबाव काफी बढ़ जाएगा। इस ओर भी पुलिस और प्रशासन द्वारा ध्यान दिया जाना जरूरी है।

### हर बार बदलती रही समय-सीमा

कटनी नदी पुल निर्माण को लेकर हर बार समय सीमा बदलती रही। पुल की डिजाइन बदलने के कारण पुल का निर्माण समय-सीमा में पूरा नहीं हो सका। पुल के निर्माण में विलम्ब की वजह से इसकी लागत बढ़कर करीब 13 करोड़ 69 लाख 86 हजार रुपये हो गई। 2008 में भूमिपूजन होने के बाद अब 2023 में ब्रिज की सौगात मिलने जा रही है।

### कईयों बार बदली गई पुल की डिजाइन

कटनी नदी पर बने अंग्रेजों के जमाने के पुराने पुल के जर्जर होने के बाद वर्ष 2008 में नया पुल बनाए जाने की स्वीकृति दी गई थी। पुल निर्माण के लिए राज्य शासन ने प्रस्ताव को स्वीकृत दी थी। 11 मार्च 2008 को भूमि पूजन किया गया था। जिसके बाद पुल को बनाने के लिए 18 महीने का समय तय किया गया था। तब पुल की डिजाइन धनुषाकार थी। लेकिन ठेकेदार ने धनुषाकार पुल निर्माण कराने में असमर्थता जाहिर कर दी। जिसके बाद पुल की ड्राइंग डिजाइन बदली गई। समय-सीमा में पुल बनता तो वह वर्ष 2010 के अंत तक बन जाता लेकिन पुल निर्माण नहीं हो सका। पुल की डिजाइन बदलवाई गई। पहले पुल धनुषाकार बनना था। फिर इस ड्राइंग डिजाइन को बदल दिया गया। इस बीच पुल के निर्माण में लेटलतीफी के कारण ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया। काफी दिनों तक पुल निर्माण कार्य बंद रहा। फिर उसी ठेकेदार को दोबारा पुल निर्माण की जिम्मेदारी सौंप दी गई।



# अब छोटी महानदी पुल से आवागमन व परिवहन पर पूरी तरह से रोक

## पहले भारी वाहनों का आवागमन था प्रतिबंधित, कलेक्टर ने जारी किए नए आदेश



कटनी,यशभारत। बरही मैहर मार्ग पर छोटी महानदी पर बने पुल पर अब वाहनों के आवागमन व परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने कार्यपालन यंत्री बाण सागर पक्का बांध संभाग क्रमांक तीन शहडोल से प्राप्त अनुशंसा के बाद आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत यह आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि पुल का निरीक्षण ईजी आई एस कंपनी के कंसल्टेंट इंजीनियर द्वारा 4 दिसम्बर को किया गया।

निरीक्षण के दौरान पुल में ऊपर केआरईबी में जिन स्थानों पर पहली बार रिहेविलिटेशन मरम्मत का कार्य कराया गया था। उन स्थानों के दाएं और बाएं ओर स्पष्ट रूप से क्रेक देखे गये। इसके अलावा एक्सपांसन ज्वाइंट भी क्षतिग्रस्त पाया गया। पूरे पुल का पैदल चलकर दोनों तरफ दांयी एवं बांयी रेलिंग का भी स्लैब सहित निरीक्षण किया गया। इसके बाद बरही-मैहर मार्ग पर बने पुल का नाव से पुल के नीचे जाकर भी निरीक्षण किया गया। रिबांउड हैमर से तथा यूपीव्ही की मदद से पुल के दो पियरों की जांच की गई, जो सुरक्षित स्तर के पाये गये, तत्पश्चात पुल के बैलेंस वैंटीलीवर स्लैब के निचले भाग में माइनर क्रेक भी तीन स्थानों पर परिलक्षित हुए हैं। इन सब को ध्यान में रखते हुए बाण सागर पक्का बांध संभाग क्रमांक 3 बाण सागर शहडोल के कार्यपालन यंत्री ने पुल के निचले भाग में क्रेक होने की वजह से सुरक्षा एवं सावधानी के बतौर पुल पर वाहनों के आवागमन रोकने की अनुशंसा की थी। ईई की अनुशंसा के आधार पर कलेक्टर ने ऐहतियातन आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत आकस्मिक दुर्घटना की संभावना के मद्देनजर आगामी आदेश पर्यन्त बरही-मैहर रोड में महानदी पर बने पुल से सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन व परिवहन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है। आदेश का उल्लंघन करने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

**ईजीआईएस कंपनी के कंसल्टेंट इंजीनियर ने किया था पुल का निरीक्षण, पुल पर देखे गए क्रेक**

# प्राचीन शिव मंदिर में स्वयं सेवकों ने किया श्रमदान




### अंतराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छता मुहिम

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** नेहरू युवा केन्द्र कटनी युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में जिला युवा आधिकारी कीर्तिका कुहर एवं लेखापाल कार्यक्रम सहायक राजकुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में अंतराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस की उपलक्ष्य में झरिया ग्राम में 5 दिसंबर को प्राचीन शिव मंदिर झिरिया में युवा मंडल, महिला मंडल के सदस्य के सहयोग से प्राचीन शिव मंदिर में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों एवं युवाओं को ग्रामीण समग्र विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण आदि के बारे में युवाओं में जागरूकता हेतु प्रेरित किया गया, इसके पश्चात स्वच्छता शपथ भी ली गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक महक बड़गैंया, पूजा जायसवाल, नेहा उरमलिया एवं युवा मंडल ग्राम झिरिया के मंडल की सहभागिता रही।

**शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन**

# व्हालीबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** तहसील क्षेत्र के बरही, कैमोर व विजयराघवगढ़ विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान मानव संसाधन खेल विभाग के नेहरू युवा केंद्र कटनी के तत्वाधान में एक दिवसीय विकासखण्ड खेल प्रतियोगिता के आयोजन में 200 मीटर दोड़, गोला फेंक, तवा फेंक, खो-खो वॉलीबाल आदि खेलों का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि उदयराज सिह चौहान रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित जागेश्वर प्रसाद मिश्र ने की। मंचासीन अतिथियो का स्वागत महक बडगैया ने पुष्प गुच्छ से किया। अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए करण यादव, अमन यादव, दिनेश प्रजापति ने 200 मीटर दौड़ में प्रथम द्वितीय तृतीय का पुरस्कार प्राप्त किया। इसी तरह गोला फेक में सेहवाज खान संगम मिश्रा शहजाद खान ने पुरस्कार प्राप्त किया। तवा फेक में



अमित पटेल सचिन चोधरी ने पुरस्कार प्राप्त किया। खो खो मे आर डी व्ही व्ही बरही बिजेता एव कस्तूरबा गांधी बिजयराघवगढ उप बिजेता का पुरस्कार प्राप्त किया। व्हालीवाल में कैमोर टीम बिजेता व बरही उप बिजेता का पुरस्कार प्राप्त किया। उद्बोधन में खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए उदयराज सिह चौहान ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए असफल खिलाडियो को ओर अधिक मेहनत कर आने वाले समय मे सफलता प्राप्त कर अच्छा प्रदर्शन करने मन्त्र दिया। श्री मिश्रा ने नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एव खेल मंत्रालय के तत्वाधान में क्षेत्र में खेल प्रतिभाओ को हमेशा अवसर देने का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मीनाक्षी पाडे, वीरेंद्र सिंह बघेल, पार्षद जय उरमलिया, सुजीत पयासी, गुलफाम खान, आदित्य दुबे, कुमारी साक्षी, कुमारी सोनिया, आस्था त्रिपाठी, पूजा जायसवाल सहित खिलाड़ियों की उपस्थिति रही।

# गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने की गांव की साफ सफाई



**कटनी, यशभारत।** गर्ल्स कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित 7 दिवसीय शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा प्रभातफेरी से प्रारंभ कर लोगों को जल संरक्षण अभियान चलाकर जागरूक किया एवं उन्हें जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया, आंगनबाड़ी का सर्वे करते हुए छात्राओं ने मंदिर परिसर के आसपास सफाई का कार्य किया। स्वयंसेवकों द्वारा जल संरक्षण के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया, साथ ही साथ जनसंपर्क के दौरान मतदाता जागरूकता का अभियान भी चलाया गया। 18 वर्ष पूर्ण हो चुके युवक-युवतियों को मतदाता कार्ड बनवाने के विषय में जानकारी देते हुए उन्हें प्रेरित किया गया एवं उसके महत्व के बारे में चर्चा की गई। आज का बौद्धिक परिचर्चा का विषय जल संरक्षण एवं मतदाता जागरूकता रहा है। इस विषय पर स्वयंसेवकों द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए गए।



# फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 10 दिसंबर से

**कटनी, यशभारत।** ईटीएम विद्या कोचिंग द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन स्थानीय फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में किया जा रहा है। क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारियां शुरू हो गई हैं। टूर्नामेंट आयोजन समिति के श्रीकांत दुबे, मोनू दुबे, महेन्द्र प्रजापति, अज्जू तिवारी, सांई, सोनू दुबे, सचिन बाला, हिमांशु पाठक एवं जीतू दुबे ने बताया कि टूर्नामेंट का आयोजन 10 दिसंबर से 31 दिसंबर तक किया जा रहा है। जिसमे कटनी जिले सहित आसपास की क्रिकेट टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट में एंट्री फीस 2100 रूपए रखी गई है। विजेता टीम को 21 हजार रूपए नगद राशि एवं ट्राफी प्रदान की जाएगी। इसी तरह उपविजेता को 11 हजार रूपए नगद एवं ट्राफी दी जाएगी।

## स्टेशन से डस्टबिन गायब, प्लेटफार्म पर बह रहा पानी !



कटनी मुड़वारा स्टेशन में स्वच्छ भारत अभियान की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं। स्थिति यह है कि डस्टबिन से डस्टबिन बॉक्स गायब है और प्लेटफार्म पर नलों का गंदा पानी बह रहा है। एक तरफ केन्द्र सरकार के साथ ही रेल मंत्रालय स्वच्छ भारत अभियान संचालित कर रहा है तो वहीं दूसरी तरफ कटनी मुड़वारा स्टेशन में अभियान की मंशा को खुलेआम पलीता लगाया जा रहा है। प्लेटफार्म पर गंदा पानी बहने से यात्री भी परेशान हैं।

# अंतर शालेय इंग्लिश एक्सटेंपोर कॉम्पिटिशन में अनिका प्रथम

**कटनी, यशभारत।** अंतर शालेय इंग्लिश एक्सटेंपोर कॉम्पिटिशन का आयोजन विगत दिवस नेचर स्कूल प्रांगण में किया गया, जिसमें जिले के 7 सीबीएसई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। यह प्रतियोगिता कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में श्रीमती सुधा कालिया, श्रीमति गीता सलूजा, श्रीमति शिप्रा मिश्रा शामिल थी। परिणामों में प्रथम अनिका अग्निहोत्री जेपीव्हीडीएव्ही स्कूल, द्वितीय अंशिका सिंह नेचर्स स्कूल व अयान खान सायना इंटरनेशनल स्कूल, तृतीय अनवि त्रिपाठी डीएव्ही, काल्देर्स कटनी व प्रियांशु सचदेव नेचर्स स्कूल, सांत्वना पुरस्कार मयंक गौतम डीएव्हीएसीसी कैमोर व मलिश्का डोडानी डीएव्ही काल्देर्स स्कूल शामिल है।





# कटनी में मना दिल्ली की जीत का जश्न

## आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाईयां, निकाला जुलूस

**कटनी, यशभारत।** दिल्ली एमसीडी चुनाव में आम आदमी पार्टी को भारी जन समर्थन मिलने पर कटनी में आप नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। इस ऐतिहासिक जीत आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने जनता के बीच जाकर मिठाईयां बांटी। कचहरी चौक, एसबीआई चौक, सुभाष चौक में लोगों को मिठाईयां खिलाकर सभी को जीत की बधाई दी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने बताया कि आम आदमी पार्टी निरंतर जनता के काम कर रही है। किसी की आलोचना व झूठे प्रचार का भाजपा को जनता ने नकारा है। काम की राजनीति को स्वीकारा है। निश्चित आगामी समय में देश की समस्त आम जनता आम आदमी पार्टी के साथ आकर भ्रष्ट राजनीति का खात्मा करेगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा, जिला प्रवक्ता आशीष तिवारी, श्याम यादव, कुलदीप सिंह, निर्मल गौतम, सुदामा इदनानी, सुदामा प्रसाद, प्रकाश जैन, गोलू मंगवानी, अभिषेक बजाज, रामसिया गुप्ता, ऋषभ पटेल, अफरोज अहमद, सदानंद तिवारी, मंगल कोल, राजा सेन, प्रेमलाल रजक की उपस्थिति रही।

सस्ती सुंदर 125/- में सिंगल बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली कमानियागेट कटनी, मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)




Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ
CINEMA KATNI
Mittal MALL
Paytm
book my show
From 02nd December 2022




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# पन्ना में बाघ के शिकार के बाद मुख्यमंत्री चीतों की सुरक्षा को लेकर चिंतित

## अधिकारियों से कहा- सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करें, पन्ना की घटना की जांच के लिए स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स रवाना

**भोपाल,यशभारत।** पन्ना टाइगर रिजर्व की सीमा से सिर्फ 12 किमी दूर उत्तर वनमंडल की पन्ना रेंज में करीब तीन साल के बाघ का फंदा लगाकर शिकार करने की घटना ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को चिंतित कर दिया है। मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर आपात बैठक बुलाई और अधिकारियों को चीतों सहित बाघ, तेंदुओं की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं। उधर, स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) को भी घटना की बारीकी से जांच के लिए भोपाल से रवाना कर दिया गया है। इस बैठक में वन विभाग के अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया पन्ना से शामिल हुए। वे परिवार सहित पार्क घूमने गए थे और शाम की सफारी के लिए खजुराहो से पन्ना जा रहे थे। तभी मुख्यमंत्री की बैठक की सूचना मिली, वे शामिल हुए और वापस खजुराहो लौट गए। वन्यप्राणी मुख्यालय के



अधिकारी बताते हैं कि पन्ना रेंज के विक्रमपुर गांव के करीब शिकारियों ने जंगली सुअर के शिकार के लिए फंदे लगाए थे। उसमें बाघ फंस गया। गला घुटने से उसकी मौत हुई है। इस घटना से मुख्यमंत्री नाराज हैं। उन्होंने बैठक में अधिकारियों से कहा है कि चीता और बाघों की सुरक्षा में कोई कसर न छोड़ें। इसमें पुलिस की मदद भी लें। पुलिस से भी सहयोग करने को कहा है। पन्ना के वनमंडल अधिकारी ने मुख्यमंत्री को घटना की जानकारी दी। बैठक में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना, वन बल प्रमुख आरके गुप्ता, अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक वन्यप्राणी शुभरंजन सेन, सागर संभागायुक्त, आइजी, पन्ना कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए हैं।

### डेढ़ साल पहले कोर क्षेत्र में हुआ था शिकार


करीब डेढ़ साल पहले पन्ना टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र (केन नदी के देहरी घाट) में बाघ का शिकार हुआ था। शिकारियों ने उसका सिर काटकर शव को नदी के पानी में डुबा दिया था, जो बाद में फूलकर बाहर आया, तब पार्क प्रबंधन को पता चला। इस मामले में करीब के गांव के लोग पकड़े गए थे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने बाघ की मौत की घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इसकी गहराई से जांच होगी। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसे किसी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। यह घटना चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। इसको लेकर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और वन विभाग के अधिकारियों से रिपोर्ट भी मांगी है।

यहां तो कालर आइडी लगे बाघ का शिकार भी हो जाता है

सूचना का अधिकार कार्यकर्ता अजय दुबे ने पन्ना में बाघ के शिकार की घटना को लेकर वन अधिकारियों पर सवाल उठाए हैं। वे कहते हैं अधिकारियों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और सांसद विष्णुदत्त शर्मा को यह नहीं बताया कि पिछले 10 साल से बाघों की मौत के मामले में प्रदेश देश में पहले नंबर पर है। पन्ना में ही वर्ष 2020 में एक बाघ का सिर काटने वालों के हथियार आज तक नहीं मिले, इसलिए सब बाहर हैं। वर्ष 2021 में सैटेलाइट रेडियो कालर लगा पन्नाा का बाघ एक महीने से गायब था, बाद में उसका शव सतना में मिला। इसमें सतना डीएफओ ने जांच कर स्वयं को क्लीनचिट दी।

# मध्य प्रदेश में एंटी रेबीज इंजेक्शन की आपूर्ति शुरू हुई

**भोपाल यशभारत।** मुख्यमंत्री निश्शुल्क दवा योजना में मिलने वाले एंटी रेबीज इंजेक्शन की आपूर्ति को नईदुनिया की खबर के बाद पूरे प्रदेश में बढ़ा दिया गया है। इससे प्रदेश के जिले एंटी रेबीज इंजेक्शन की कमी के संकट से बाहर आ गए हैं।स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के कारण बीते नौ नवंबर से प्रदेश के जिला अस्पतालों में रेबीज इंजेक्शन की कमी बनी हुई थी। इस पूरे मामले को एनएचएम डिप्टी डायरेक्टर डा. नमिता नीलकंठ ने गंभीरता से लिया और वीडियो कांफ्रेंसिंग कर जिला अस्पतालों में बातचीत की। इसके बाद सभी से इंजेक्शन की मांग लेकर आपूर्ति की गई। प्रदेश के केंद्रीयकृत आपूर्ति व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों ने भी इंजेक्शन की कमी को माना और इस ओर विशेष रूप से ध्यान दिया।




### इनका कहना है

भोपाल समेत सभी जिला अस्पतालों में एंटी रेबीज इंजेक्शन की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। अब कमी नहीं आने दी जाएगी। आगे कोशिश करेंगे की जहां-जहां से मांग आती जाएगी, वहां समय से आपूर्ति की जाए।

-डा. नमीता नीलकंठ,
डिप्टी डायरेक्टर, एनएचएम इकाई मप्र



# सतपुड़ा के बाद अब पेंच और बांधवगढ़ में कर्नाटक से लाए जाएंगे 10 हाथी

**भोपाल,यशभारत।** वन विभाग की 12 साल की मेहनत आखिर रंग लाई। बाघों की निगरानी और पर्यटकों को सफारी कराने के लिए कर्नाटक से चार हाथी सतपुड़ा टाइगर रिजर्व लाए गए हैं। अब 10 और हाथी लाए जाएंगे, जो पेंच और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में रखे जाएंगे। इसके बाद सात हाथी और लाने की रणनीति है। प्रदेश के सभी छह टाइगर रिजर्व में 50 हाथी की जरूरत होती है। इनमें से 28 हाथी पहले से हैं। 22 हाथी लाने के लिए वर्ष 2010 से प्रयास चल रहे थे।

दुर्घटना या बीमारी के कारण कई बार बाघ या तेंदुआ ऐसे स्थान पर फंस जाते हैं, जहां वाहन से नहीं जाया जा सकता है और पैदल जाना भी खतरनाक है। ऐसे में हाथी वहां तक मेडिकल सुविधा या आपदा दल को पहुंचाने में मदद करते हैं। यही कारण है कि सभी टाइगर रिजर्व में हाथी तैनात किए गए हैं। वे पर्यटकों को सफारी कराने के काम भी आते हैं।

प्रदेश के टाइगर रिजर्व में 12 साल से हाथी कम थे। वर्ष 2010 में हाथी लाने के प्रयास शुरू हुए। सबसे पहले वन्यप्राणी मुख्यालय में पदस्थ अधिकारी डा. एचएस पावला ने प्रयास किए। वे अंडमान-निकोबार के दौरे पर भी गए। इसके बाद अन्य अधिकारियों ने केरल, कर्नाटक, बंगाल के कई बार दौरे किए, पर हाथी नहीं आए। इनमें कान्हा-बांधवग? पार्क के संचालक मुख्य भूमिका में रहे। फिर राजस्थान के राजाओं की सेवा में लगे रहे हाथियों को लाने के प्रयास हुए, पर इस मामले में हाईकोर्ट से अनुमति लेनी पड़ती, इसलिए मामला अटक गया।

पिछले साल से फिर प्रयास शुरू हुए और अब कर्नाटक से चार हाथी लाने में सफलता मिली है। वन्यप्राणी मुख्यालय के अधिकारी बताते हैं कि कर्नाटक से 10 और हाथी लाए जा रहे हैं। इनमें से पांच हाथी बांधवगढ़, चार कान्हा और एक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व भेजा जाएगा। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक, केरल में हाथियों की संख्या काफी है। वहां उत्पात करने वाले हाथियों को पकड़कर काम का प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्हीं में से यह हाथी लाए जा रहे हैं।

# भोपाल का ग्लोबल स्किल पार्क बनेगा देश का एक्सक्लूसिव कैंपस : तकनीकी शिक्षा मंत्री

**भोपाल , यशभारत।** तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया से इंस्टीट्यूट आफ टेक्नीकल एजुकेशन (आइटीई) सिंगापुर के सीनियर कंसल्टेंट टेन सेंग हुआ, प्रोजेक्ट मैनेजर गैरी सोह और कैंपस एस्टेट स्पेशलिस्ट वांग सू यून ने मुलाकात की। मंत्री सिंधिया ने कहा कि भोपाल का ग्लोबल स्किल पार्क मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का ड्रीम प्रोजेक्ट है और हम इसे भारत का सबसे एक्सक्लूसिव कैंपस बनाएंगे। उन्होंने कहा कि इस कैंपस में युवाओं को रोजगारोन्मुखी आधुनिक पाठ्यक्रम का समावेश मिलेगा। ग्लोबल स्किल पार्क में लैंग्वेज स्किल पर भी फोकस होगा। फ्यूचर स्किल्स के माड्यूल्स भी समाहित होंगे। मंत्री बोलीं कि मध्य प्रदेश कृषि प्रधान राज्य है। जीएसपी में कृषि के आधुनिक पाठ्यक्रमों को जोड़ा जाएगा। आइटीई सिंगापुर के सीनियर कंसल्टेंट टेन सेंग हुआ ने कहा कि किसी भी शैक्षणिक भवन के निर्माण में उसकी गुणवत्ता महत्वपूर्ण है किंतु उसमें शिक्षा व ऐसी व्यवस्था और भी महत्वपूर्ण हो जाती है जो प्रदेश के युवाओं को रोजगार उन्मुखी पाठ्यक्रम की ओर आकर्षित करें।उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश होनी चाहिए कि युवाओं को उनके रुचि अनुसार विषयों के लिए प्रेरित करें और सही राह दिखाएं। इसके लिए हमें अपने प्रयासों को सिंक्रोनाइज करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें युवाओं की मानसिकता को समझना होगा। उन्होंने जीएसपी के प्रचार के लिए विद्यार्थियों के फोटोग्राफ के साथ ब्राशर तैयार करने का सुझाव दिया। आइटीई सिंगापुर के प्रतिनिधियों ने भोपाल के नरेला शंकरी स्थित निर्माणाधीन ग्लोबल स्किल पार्क का भ्रमण भी किया।

# मध्य प्रदेश में चक्रवाती तूफान के असर से दो दिन बाद वर्षा के आसार

**भोपाल ईएमएस। दो दिन बाद मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने की संभावना बन रही है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक वर्तमान में बंगाल की खाड़ी में एक गहरा अवदाब का क्षेत्र बना हुआ है। इस मौसम प्रणाली के असर से आठ दिसंबर को इसके चक्रवाती तूफान में बदलने के आसार हैं। जो नौ दिसंबर को तमिलनाडु के तट से टकराएगा।**



इसके प्रभाव से हवा के साथ नमी आने के कारण 10 दिसंबर से मध्य प्रदेश के अधिकतर जिलों में बादल छाएंगे। इंदौर, नर्मदापुरम, जबलपुर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा भी हो सकती है। उधर वर्तमान में हवा का रुख उत्तरी बने रहने से गुरुवार को न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी, लेकिन शुक्रवार से रात का तापमान फिर बढ़ सकता है। बुधवार को मध्य प्रदेश में सबसे कम 5.8 डिग्री सेल्सियस तापमान उमरिया में दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में हवा का रुख उत्तरी बना हुआ है। इसके चलते रात के तापमान में फिर गिरावट होने लगी है। एक कमजोर आवृति वाला पश्चिमी विक्षोभ वर्तमान में पाकिस्तान के आसपास बना हुआ है। इस मौसम प्रणाली के गुरुवार को उत्तर भारत में पहुंचने के आसार हैं। इसके चलते गुरुवार से फिर हवा का रुख बदलने लगेगा। इससे शुक्रवार से न्यूनतम तापमान फिर बढ़ने लगेगा। उधर वर्तमान में बंगाल की खाड़ी में एक गहरा अवदाब का क्षेत्र बना हुआ है। इस मौसम प्रणाली के गुरुवार को चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है।यह तूफान शुक्रवार को तमिलनाडु के तट से टकराने के बाद कर्नाटक की तरफ बढ़ने लगेगा। इससे नमी आने के कारण शनिवार से मध्य प्रदेश में बादल छाने लगेंगे। इससे रात के तापमान में काफी बढ़ोतरी हो सकती है। रविवार को इंदौर, नर्मदापुरम, जबलपुर संभागों के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा भी हो सकती है। इस दौरान राजधानी में भी बूंदाबांदी हो सकती है।

# भोपाल के वन विहार में पहली बार दिखा ग्रे हेडेड फिश ईगल

**भोपाल यशभारत।** विलुप्ति की कगार पर पहुंचने वाली प्रजातियों में शामिल ग्रे हेडेड फिश ईगल को पहली बार वन विहार में देखा गया है। स्थानीय प्रजातियों में शामिल यह पक्षी बहुत कम ही देखा गया है और वन विहार के पास इसके देखे जाने के बाद इसके संरक्षण को लेकर भी प्रयास किया जाएगा। पक्षी विशेषज्ञ मोहम्मद खालिक ने बताया कि इसका मुख्य आहार मछलियां होती हैं, जिसके कारण इसे ग्रे हेडेड फिश ईगल कहा जाता है। यह मुख्य रूप से तालाब या नदी के आसपास देखे जाते हैं, जहां इसे आसानी से भोजन के लिए मछली उपलब्ध हो सके।



### यह होती है संकटापन्ना श्रेणी

संकटापन्ना एक संरक्षण श्रेणी है, जिसमें मुख्य रूप से उन जीव या प्रजातियां को रखा जाता है, जो आज भले ही संकटग्रस्त प्रजातियों की सूची में न आते हों, लेकिन भविष्य में जिनके पूरी तरह विलुप्त होने का खतरा बना हुआ है। प्रकृति संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय संघ इन सभी प्रजातियों की स्थिति के एक निश्चित अंतराल के बाद पुनर्मूल्यांकन करने को कहता है।

### अब तक चिह्नित हुए हैं 50 पक्षी

पक्षी विशेषज्ञों ने इस बार 50 पक्षी प्रजातियों को चिह्नित किया है। इनमें स्पाट बिल डक, ब्लैक रेड स्टार्ट, व्हिस्टलिंग टील्स, ग्रेटर काकल, ग्रे हेरान, पर्पल मूरहेन, कामन मूरहेन, ब्लैक विंग स्टिल्ट, बूटेड वार्बलर, लैसर व्हीट थ्रोट, रेड मुनिया, ब्लैक शोल्डर काईट, ग्रे-हेडेड लेपविंग शामिल हैं।

# जर्जर रेजिमेंट रोड पर बह रहा सीवेज का गंदा पानी

# 30 हजार रहवासी परेशानी

**भोपाल , यशभारत।** शाहजहांनाबाद स्थित रेजीमेंट रोड अब भी जर्जर है। खराब सड़क पर रोजाना नाली का पानी भरने से यहां से निकलने वाले तीन वार्ड के 30 हजार से भी ज्यादा लोग परेशान हैं। खराब सड़क की समस्या को लेकर रहवासी कई बार अधिकारियों के सामने गुहार भी लगा चुके हैं, लेकिन न तो सड़क बन पा रही है और न ही सड़क पर बहने वाली गंदे पानी की समस्या को हल किया गया है। खराब सड़क के कारण एक ओर लोग गिर रहे हैं। दूसरी ओर शहर का पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है।सड़क को पीडब्ल्यूडी को बनाना है, लेकिन विभाग के सभी अधिकारी सड़क को बनाने की जगह नगर निगम पर जवाबदारी डाल रहे हैं। वहीं इस मामले में नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि लोगों की समस्या को देखते हुए सड़क पर मलबा डलवा देते हैं। लेकिन सड़क इतनी जर्जर है कि इसे फिर से बनवाना पड़ेगा, तो ही समस्या का समाधान होगा। वहीं इस मामले में पीडब्ल्यूडी के एक अभियंता से सड़क पीडब्ल्यूडी की होने से मना कर दिया। एक अन्य अभियंता ने फोन काल का जवाब नहीं दिया।



### सड़क की लंबाई - तीन किमी

कब हुआ था डामरीकरण - 2018 में

कितने में हुआ था काम - 30 लाख रुपए

### निर्माणाधीन एजेंसी - पीडब्ल्यूडी

सड़क पिछले तीन सालों से खराब है। खराब सड़क के कारण रोज लोग गिर रहे हैं। वर्तमान में शाहजहांनाबाद के आसपास की सभी सड़कें बना दी गई हैं। केवल इसी सड़क को छोड़ दिया गया है। जिसके कारण लोग परेशान हो रहे हैं। हमने हमीदिया रोड, बैरसिया रोड, एलबीएस अस्पताल सहित शाहजहांनाबाद की सारी सड़कों को बना दिया। यह सड़क हमारी नहीं है। हालांकि यह भी हो सकता है कि दूसरे जोन के अंतर्गत यह सड़क हो।

# शाहपुरा में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल, ईएमएस।** राजधानी के शाहपुरा इलाके में रहने वाले चतुर्थ श्रेणी शासकीय कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर के अंदर फर्श पर बिछे गद्दे पर पड़ा मिला। मुंह से झाग निकलने के कारण फूड प्वाइजनिंग की आशंका जाहिर की गई है। हालांकि मौत के सही कारणों का खुलासा पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही हो पाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।पुलिस के मुताबिक मूलत: नेपाल निवासी श्याम बहादुर (40) यहां अजय नगर शाहपुरा में अकेला रहता था। वह मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ में चतुर्थश्रेणी कर्मचारी था और एक वरिष्ठ अधिकारी के बंगले पर तैनात था। बुधवार सुबह करीब छह बजे श्याम बहादुर ने एक साथी कर्मचारी को फोन किया था। उसने बताया कि पेट में तेज दर्द हो रहा है, जिसके चलते वह रातभर सो नहीं पाया है, इसलिए काम पर नहीं आ पाएगा। साथ ही यह भी कहा था कि तबीयत ठीक रही तो फोन लगाकर काम पर आने की जानकारी देंगे। श्याम ने जब बंगले पर पहुंचने की जानकारी नहीं दी तो साथियों ने उन्हें फोन लगाया, लेकिन फोन अटैंड नहीं हुआ। दोपहर को समय उनके एक रिश्तेदार हेमराज को उसे देखने के लिए घर भेजा गया। हेमराज पहुंचा तो दरवाजा भीतर से बंद मिला। अनहोनी की आशंका के चलते पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खोला तो श्याम बहादुर गद्दे पर मृत पड़ा मिला। उसके मुंह से झाग निकला हुआ था। अनुमान है कि फूड प्वाइजनिंग के चलते उसकी मौत हुई होगी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

# शारीरिक अभ्यास का प्रदर्शन करेंगे संघ के 2500 स्वयंसेवक

## सरकार्यवाह होसबाले होंगे मुख्य वक्ता

**भोपाल यशभारत।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का शारीरिक प्रकट कार्यक्रम 11 दिसंबर को शाम 4:30 बजे से राजधानी के लाल परेड मैदान में होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले होंगे। भारत सरकार के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत मुख्य अतिथि रहेंगे। 90 मिनट के कार्यक्रम में 2500 से अधिक स्वयंसेवक शाखाओं में प्रतिदिन चलने वाले शारीरिक अभ्यास का प्रदर्शन करेंगे। इसमें दंड के 10 प्रयोग, समता, दंड योग, व्यायाम योग और बैठकर करने वाले योग का प्रदर्शन होगा। घोष के तीन दल घोषवादन करेंगे।इस दिन शाम 6:30 बजे महाराणा प्रताप नगर स्थित वनवासी कल्याण परिषद के कौशल विकास केंद्र का लोकार्पण दत्तात्रेय होसबाले और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। यहां परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री योगेश बापट, इंडियन आयल कारपोरेशन के कार्यकारी निदेशक दीपक कुमार बसु एवं राष्ट्रीय अजजा आयोग के अध्यक्ष हर्ष चौहान उपस्थित रहेंगे।जनजातीय क्षेत्र के युवाओं को यहां पर कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह चार मंजिला भवन है। यहां एक समय पर 50 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा सकेगा। 30 लोगों के रहने की व्यवस्था भी रहेगी।

## पार्किंग बेस 12 से बढ़ाकर 17 किए

# राजा भोज एयरपोर्ट पर विमानों की नाइट पार्किंग सुविधा का विस्तार, पर एयरलाइंस कंपनियों की रुचि नहीं

भोपाल, ईएमएस। । राजधानी के राजाभोज एयरपोर्ट पर विमानों की नाइट पार्किंग सुविधा का विस्तार किया गया है लेकिन एयरलाइंस कंपनियां इस सुविधा का लाभ लेने को तैयार नहीं हैं। एयरपोर्ट पर हाल ही में पार्किंग बेस 12 से ब?ाकर 17 किए गए हैं, इसके बावजूद एक भी एयरलाइंस कंपनी ने भोपाल को बेस स्टेशन नहीं बनाया है। एयरपोर्ट अथारिटी अब देश की प्रमुख एयरलाइंस कंपनियों को नए सिरे से यहां उपलब्ध सुविधाओं का प्रेजेंटेशन देने पर विचार कर रही है।भोपाल में नए एकीकृत टर्मिनल पर घरेलू उड़ानों का संचालन 2011 में शुरू हुआ था। एयरपोर्ट अथारिटी ने लोकार्पण के समय ही यहां पर चार पार्किंग बेस बनाए थे। लोकार्पण के कुछ समय बाद एलाइंस एयर ने भोपाल को बेस स्टेशन बनाया था। कंपनी की देहरादून जाने वाली उड़ान रात को यहां खड़ी रहती थी। सुबह इसे जयपुर रवाना किया जाता था। इस कंपनी ने कुछ समय बाद ही अपनी उड़ान बंद कर दी। 2019 में पार्किंग बेस बढ़ाकर 12 किए गए, इसी साल स्पाइस जेट ने दो उ?ानों की नाइट पार्किंग शुरू की लेकिन यह कंपनी भी ज्यादा समय नहीं टिक सकी। कोराना काल में कंपनी ने अपना बेस स्टेशन बंद कर दिया। हाल ही में अथारिटी ने पार्किंग बेस बढ़ाकर 17 कर दिए हैं पर कोई भी कंपनी सुविधा का लाभ उठाने को तैयार नहीं है।



### कंपनियों की रुचि क्यों नहीं

सभी सुविधाएं होने के बावजूद एयरलाइंस कंपनियां भोपाल को बेस स्टेशन क्यों नहीं बना रही हैं। यह सबसे बड़ा सवाल है। माना जा रहा है कि दिल्ली, मुंबई एवं बेंगलुरु को छोड़कर बाकी शहरों तक यात्रियों की कमी के कारण कंपनियां बेस स्टेशन नहीं बना रही हैं। हाल ही में एलाइंस एयर ने तीसरी बार भोपाल से अपनी उड़ानें बंद की हैं। एयर एशिया, विस्तारा, गो फर्स्ट, स्टार एयर, ट्रू जेट जैसी कंपनियों ने भोपाल से कभी उड़ानें प्रारंभ ही नहीं की। वर्तमान में केवल इंडिगो एवं एयर इंडिया ही सेवाएं दे रही हैं।

### नाइट पार्किंग से यात्रियों को यह लाभ

नाइट पार्किंग शुरू होने से उड़ानें देर से चलने की संभावना खत्म हो जाती है। कंपनी की अंतिम उड़ान रात को भले ही विलंब से पहुंचे लेकिन सुबह उड़ान को समय पर ही रवाना किया जाता है। इससे यात्रियों का समय बचता है। एयरलाइंस को भी ऐसे रूट पर उम्मीद से अधिक यात्री मिलते हैं। भविष्य की जरूरतों को देखते हुए हमने पार्किंग बेस ब?ाए हैं। एक नान शेड्यूल उड़ान ने नाइट पार्किंग सुविधा ली है लेकिन घरेलू कंपनियों ने यह सुविधा नहीं ली है। एयर इंडिया ने रुचि दिखाई है। टाटा समूह अगले साल कुछ उड़ानों की नाइट पार्किंग भोपाल में कर सकता है। कंपनियों को सुविधाओं का प्रेजेंटेशन दिया जाएगा।

# 15 जिलों के 250 एथलीट भाग लेंगे मास्टर्स एथलेटिक मीट में

## जिला मास्टर्स एथलेटिक्स संघ द्वारा सायना स्कूल में अंतर जिला प्रतियोगिता

**कटनी, यशभारत।** जिला मास्टर्स एथलेटिक्स संघ के तत्वाधान में 18 दिसंबर को होने वाली 8वी स्व. डॉ एलिक पैट्रिक जॉर्ज मेमोरियल अंतर जिला मध्य प्रदेश मास्टर्स एथलेटिक मीट 2022 के संबंध में सायना इंटरनेशनल स्कूल में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें मध्य प्रदेश मास्टर्स एथलेटिक्स संघ के सचिव जोधा सिंह व कोषाध्यक्ष एम जॉर्ज, कटनी जिला मास्टर्स एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष राजेश मनोध्या, सचिव अलोक कुमार जूडराज, सहसचिव देवी सिंह डब्बू, राजेंद्र बरसैया, साइना इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य आदित्य कुमार शर्मा, स्पोर्ट्स



ऑफिसर दीपक बलयानी, जोसफ, सुमित कुमार लाल, हर्षेंद्र यादव, लोकेश दुबे की भी उपस्थिति रही। यह प्रतियोगिता 18 दिसंबर को सायना इंटरनेशनल स्कूल के खेल मैदान में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के संबंध में मध्य प्रदेश मास्टर्स एथलेटिक्स संघ के सचिव जोधा सिंह व कोषाध्यक्ष एम जॉर्ज ने सर्वप्रथम शाला प्राचार्य आदित्य कुमार शर्मा से मुलाकात कर खेल मैदान की व्यवस्थाओं, खिलाड़ियों के रुकने की व्यवस्थाओं, भोजन आदि सभी व्यवस्थो से संतुष्ट होकर प्रसन्नता व्यक्त कर सायना इंटरनेशनल स्कूल द्वारा दी जा रही व्यवस्थाओं के लिए धन्यवाद दिया।

### 35 से 80 वर्ष तक के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे प्रतियोगिता में

यह प्रतियोगिता 35 वर्ष से लेकर 80 वर्ष की आयु तक के पुरुष व महिला वर्ग की होग, जिसमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 5000 मीटर दौड़, 3000 मीटर पैदल चाल महिला वर्ग, 5000 मीटर पैदल चालपुरुषों वर्ग गोला फेंक, भाला फेंक, तवा फेंक व लंबी कूद की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह एक दिवसीय प्रतियोगिता है, जिसमें मध्य प्रदेश के 15 जिलों के लगभग 250 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। कटनी के खिलाड़ियों के लिए यह सुनहरा अवसर है कि वह 11 दिसंबर से पूर्व अपना रजिस्ट्रेशन करा कर इस प्रतियोगिता में भाग लें। रजिस्ट्रेशन के लिए कटनी मास्टर्स एथलेटिक्स संघ के सचिव अलोक कुमार जूडराज डायमंड स्कूल, नेचर्स स्कूल, अध्यक्ष राजेश मनोध्या, सह.सचिव देवी सिंह डब्बू, जगदीश गुप्ता बार्डसले इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दीपक बलयानी सायना इंटरनेशनल स्कूल से संपर्क कर सकते हैं।



# पराली जलाने वालों के विरुद्ध होगी कार्यवाही

**कटनी,यशभारत।** किसानों द्वारा फसल काटने के बाद पराली एवं नरवाई को जलाने वालों के खिलाफकलेक्टर अवि प्रसाद ने कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। किसानों द्वारा फसल काटने के बाद खेत को साफकरने की दृष्टि से खेतों में आग लगा दी जाती है जिसे पराली या नरवाई जलाना कहते है। यह चलन कई बार लोक परिशांति भंग करने की स्थिति उत्पन्न करता हैं तथा मानव जीवन और स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है, साथ ही इससे आसपास की फसलों एवं मकानों को आग के कारण नुकसान पहुंचता है, उससे वायु प्रदूषण व आपदा की स्थिति बनी रहती है। पराली या नरवाई में आग लगाने के कारण आसपास के खेतों मे खड़ी फसल को नुकसान पहुचने की संभावना बनी रहती है, उसमें तथा निकट के आबादी क्षेत्र में संपत्ति को नुकसान होने की घटनाएं पूर्व में भी हो चुकी है तथा वर्तमान में भी होने की संभावना है। इन सभी तथ्यों से किसी आपदा की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद ने आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 30 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, यह आदेश जारी किया है, कि कटनी जिले की राजस्व सीमा क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति पराली या नरवाई जलाता है तो उस पर आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 51 से 60 के तहत के दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। यह आदेश कटनी जिले की राजस्व सीमा क्षेत्र में निवास करने वाले सभी व्यक्तियों तथा अस्थायी तौर से आने-जाने वाले समस्त व्यक्तियों पर लागू होगा।



# जिले में अब तक 97 ट्रांसफार्मर बदले गये

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा विद्युत विभाग की निरंतर की जा रही समीक्षा के बाद से जिले में अब तक कुल 97 पात्र ट्रांसफर्मर बदले जा चुके हैं। म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता अयूब खान ने बताया कि 26 नवम्बर से 7 दिसम्बर तक विगत 12 दिनों में विधानसभा क्षेत्रवार मुड़वारा के 8, बड़वारा के 31, विजयराघवगढ़ के 28 एवं बहोरीबंद के 30 को मिलाकर कुल 97 पात्र ट्रांसफार्मर बदले जा चुके हैं। ट्रांसफार्मरों की उपलब्धतानुसार शेष सभी पात्र ट्रांसफामरों को भी वरीयताक्रम से शीघ्र बदलने की कार्यवाही की जा रही है एवं आगे भी यह प्रक्रिया सतत जारी रहेगी।

# किसानों को नहीं मिली किट, आरबीएस कंपनी को नोटिस

**कटनी,यशभारत।** किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री अवि प्रसाद द्वारा बुधवार को तहसील विजयराघवगढ़ के विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रों एवं वेयर हाउस का निरीक्षण कर किसानों से चर्चा करते हुए व्यवस्थाओं की जानकारी ली एवं उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा देवरा कला स्थित प्रिया वेयर हाउस एवं धान उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपार्जन केन्द्र में उपस्थित किसानों से कुल उपजी धान तथा उपार्जन केन्द्र में विक्रय हेतु लाई गई धान एवं वारदानें के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा उपस्थित किसानों से पंजीयन के संबंध में किसी भी प्रकार की परेशानी होनें संबंधी की जानकारी चाहे जानें पर किसानों द्वारा सरलता से पंजीयन होने की बात कही गई। निरीक्षण के दौरान आर.बी.एस. कंपनी के सर्वेयर द्वारा किट प्रदान न किये जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। वारदाना खराब होने की समस्या से अवगत कराने पर संबंधित मिलर्स की जानकारी ली जाकर फिजिकल सत्यापन न किये जाने पर नान के संबधित कर्मचारी को नोटिस जारी करनें के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस के संचालक के साथ वेयर हाउस का निरीक्षण किया जाकर कम माल होनें के संबंध में चर्चा की जाकर बरसात से बचाव हेतु तिरपाल की व्यवस्था कराने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।



### सिनगौड़ी के ओपन उपार्जन केन्द्र पहुंचकर किसानों से किया संवाद

कलेक्टर अवि प्रसद द्वारा सिनगौडी स्थित ओपन उपार्जन केन्द्र पहुंचकर किसानों से संवाद किया व उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों से व्यवस्थाओं के संबध में जानकारी चाहे जानें पर बताया गया कि विगत वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष काफी अच्छी सुविधा उपार्जन केन्द्रों में मुहैया कराई जा रही है। तथा कहा कि किसानों का नंबर भी एकरूपता के साथ आ रहा है। पल्लेदारों की व्यवस्था एवं तुलाई शुल्क की जानकारी ली जाने पर बताया गया कि कसी किसान से अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जा रहा है। ग्राम गोहावल निवासी फुल्ली बाई पटेल द्वारा पंजीयन में अलग- अलग बैंक खाता होने के कारण स्लॉट बुक न होनें होनें की समस्या से अवगत कराये जाने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा उपस्थित अधिकारियों को से बैंक के माध्यम से समस्या का त्वरित निराकरण करानें के निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान एस.डी.एम महेश मंडलोई, तहसीलदार विजय द्विवेदी, नायब तहसीलदार रविन्द्र पटैल, राजयश वर्धन कुरील, राजेश जैन नोडल डी.सी.सी बी, एस.के. जैन सहकारी निरीक्षक, यशवंत सेंगर डी.एम. वेयरहाउसिंग, पियूष शुक्ला कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिती रही।

### किसान संघ द्वारा बनाये गए ग्रुप के माध्यम से करा सकते है समस्याओं से अवगत-कलेक्टर

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा अधिकारियों के साथ मिलकर ग्राम बंजारी स्थित ममता वेयर हाउस एवं उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र में उपस्थित किसान रवि परौहा से पंजीयन एवं केन्द्र में लाई गई कुल धान की जानकारी ली गई। उपस्थित किसानों द्वारा तुलाई कार्य हेतु पल्लेदारों की समस्या से अवगत कराये जानें पर शीध्र ही समस्या के निराकरण के निर्देश कलेक्टर अवि प्रसाद ने दिए। केन्द्र मे उपस्थित सर्वेयर को नियमानुसार कार्य करने तथा सिर्फकिसानों का वारादाना ही लिये जाने के निर्देश प्रदान किए गए। कलेक्टर श्री अवि प्रसाद द्वारा उपार्जन केन्द्र में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर किसान संघ ग्रुप के माध्यम से निर्मित ग्रुप में समस्या से अवगत कराने की बात कही गई।

# ट्रेड फेयर के प्रति युवाओं ने दिखाई दिलचस्पी



**कटनी,यशभारत।** राज्य शासन के एमएसएमई विभाग एवं लघु उद्योग भारती द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित तीन दिवसीय आयोजन में स्टार्टअप कॉन्क्लेव को लेकर स्थानीय टीम द्वारा सेंट पॉल स्कूल, सेक्रेड हार्ट स्कूल, नालंदा हायर सेकेंडरी स्कूल, नवोदय विद्यालय बड़वारा संपर्क किया गया। स्टार्टअप कॉन्क्लेव प्रभारी नीलेश विश्वकर्मा द्वारा बताया गया कि सभी स्कूलों में लगातार रजिस्ट्रेशन हेतु बच्चों में बहुत अधिक उत्साह दिख रहा है। किंतु स्थान सीमित होने के कारण सिर्फ चयनित छात्रों का ही रजिस्ट्रेशन हो पा रहाहैं। जिला प्रशासन के सहयोग से स्थानीय टीम द्वारा प्रथम चरण में 300 चयनित युवाओं का रजिस्ट्रेशन किया गया था। युवाओं एवं विद्यार्थियों के उत्साह को देखकर अतिरिक्त 250 रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई है। प्रशासन एवं कार्यक्रम टोली के सदस्यों का ऐसा मानना है कि इस कार्यक्रम से संपूर्ण कटनी एवं आसपास के अंचलों में युवाओं में स्वरोजगार के विषयों की चर्चा बढ़ गई है और इस आयोजन से अधिक से अधिक युवा इससे जुड़ने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

### कलेक्टर ने किया सीमांकन कार्य का निरीक्षण

# फटकार के बाद सीमांकन में आई तेजी

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा बुधवार को तहसील विजयराघवगढ. स्थित ग्राम अमवारी में पहुंचकर आवेदक जियालाल आदिवासी के किये जा रहे सीमांकन कार्य का निरीक्षण किया गया। पगडंडियों के रास्ते पैदल चलकर सीमांकन स्थल पर पहुंचर कलेक्टर श्री प्रसाद ने जियालाल आदिवासी के चर्चा की जाकर सीमांकन हेतु दिए गए आवेदन के संबंध में जानकारी ली। आवेदक द्वारा 6 माह पूर्व आवेदन दिये जाने बात कहे जाने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए उपस्थित आर. आई. एवं पटवारी से आवेदन की पावती एवं संधारित किये गए रजिस्टर की जांच की जाकर उपस्थित अधिकारियों को सीमांकन कार्य में गति लानें के निर्देश दिए गए। आवेदक जियालाल आदिवासी से अधिकारियों द्वारा की जा रही सीमांकन प्रक्रिया से संतुष्ट होने के बारे में भी जानकारी ली गई जाकर फौती उठानें संबंधी कार्यवाही करानें हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए गए। विदित हो कि नागरिकों को भूमि सीमांकन संबंधी सुविधा का लाभ नियत समय पर प्राप्त हो सके इस हेतु कलेक्टर श्री अवि प्रसाद द्वारा जिले के सभी तहसीलदारों को अपने क्षेत्र अंतर्गत लंबित सीमांकन प्रकरणों का त्वरित निराकरण कर सीमांकन कार्य की प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट गूगल सीट में शाम 5 बजे तक अनिवार्य रूप से अद्यतन करने के निर्देश प्रदान किए गए है। निरीक्षण के दौरान एस.डी.एम महेश मंडलोंई, तहसीलदार विजय द्विवेदी, नायब तहसीलदार रविन्द्र पटैल, पटवारी विनोद गौंटिया एवं आर आई इन्द्रजीत सिंह की उपस्थिति रही। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा सीमांकन प्रकरणो के निराकरण के निर्देश के बाद इस कार्य में आई तेजी से मात्र तीन दिन के भीतर ही अब तक 177 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण हो गया है। अधीक्षक भू-अभिलेख एम.एल. तिवारी ने बताया कि जिले के सभी 18 राजस्व निरीक्षक इस कार्य में लगे हैं। 5 दिसम्बर को 53 सीमांकन किये गये थे। जबकि 6 दिसम्बर को 60 और 7 दिसम्बर को 64 सीमांकन प्रकरण निराकरण किये गये। विदित हो कि जिले में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा से बाहय कुल 752 लंबित प्रकरणों को निराकृत करने कलेक्टर अवि प्रसाद ने राजस्व अधिकारियो को निर्देशित किया था। इसी दिशा में राजस्व निरीक्षकों द्वारा सीमांकन कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने प्रत्येक राजस्व निरीक्षक को प्रतिदिन 4 सीमांकन करने के निर्देश दिए थे।





# सशस्त्र झंडा दिवस पर कलेक्टर को लगाया फ्लैग

**कटनी,यशभारत।** झंडा दिवस पर बुधवार को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर अवि प्रसाद को फ्लैग लगाकर जिले में सशस्त्र झंडा दिवस का शुभारंभ किया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवनिवृत्त कर्नल डॉ. शास्त्री प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि सशस्त्र झंडा दिवस सैनिकों के देश प्रेम एवं कर्त्तव्यनिष्ठा के स्मरण स्वरूप प्रत्येक वर्ष 7 दिसम्बर को मनाया जाता है। झंडा दिवस पर एकत्रित राशि सैनिकों एवं उनकी विधवाओं और उनके आश्रितों के लिये कल्याणकारी योजनाओं एवं उनके पुनर्वास कार्य में लगाई जाती है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि से जरूरतमंद सैनिकों एवं उनके आश्रितों के सहायतार्थ अंशदान देकर समाज उनके प्रति आभार प्रकट कर देश की सशस्त्र सेनाओं का मनोबल ऊंचा करने में योगदान दे सकते हैं।

### इंग्लिश एक्सटेंपोर कॉम्पिटिशन में बच्चों ने लिया हिस्सा




कटनी,यशभारत। अंतर शालेय इंग्लिश एक्सटेंपोर कॉम्पिटिशन का आयोजन विगत दिवस नेचर स्कूल प्रांगण में किया गया, जिसमें कटनी जिले के 7 सीबीएसई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह प्रतियोगिता कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी, इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में श्रीमती सुधा कालिया, श्रीमति गीता सलूजा, श्रीमति शिप्रा मिश्रा शामिल थी। परिणाम इस प्रकार रहे। प्रथम कु. अनिका अग्निहोत्री जे.पीव्हीडीएव्ही स्कूल कटनी द्वितीय अंशिका सिंह नेचर्स स्कूल कटनी व अयान खान साइना इंटरनेशनल स्कूल कटनी तृतीय अनवि त्रिपाठी डीएव्ही काल्देर्स कटनी व प्रियांशु सचदेव नेचर्स स्कूल कटनी सांत्वना पुरस्कार मयंक गौतम डीएव्हीएसीसी कैमोर व मलिश्का डोडानी डीएव्हीकाल्देर्स स्कूल आदि।



# लघु उद्योग भारती के सदस्यों एवं महिला उद्यमियों की बैठक में लिए निर्णय

**कटनी,यशभारत।** मध्यप्रदेश शासन के एम.एस.एम.ई मंत्रालय के सहयोग से लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ट्रेड फेयर, स्टार्टअप कॉन्क्लेव एवं इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव को सफल बनाने एवं महिला उद्यमियों को जोड़ने के उद्धेश्य से लघु उद्योग भारती के सदस्यों एवं महिला उद्यमियों द्वारा संपूर्ण महाकौशल प्रांत की महिलाओं को इस कार्यक्रम से जोडकर शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। महिला कार्य समन्वयक प्रिया सोनी द्वारा बताया गया कि हमारा लक्ष्य है कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी स्व सहायता की महिलाओं एवं कॉलेज में पढ़ने वाली बहनों को अधिक से अधिक शासन की योजनाओं का लाभ इस कार्यक्रम के माध्यम से मिल सके। बैठक के दौरान हर जिले में स्वरोजगार से जुड़ी हुई महिलाओं को प्रशिक्षण देने एवं अन्य महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की रूपरेखा तैयार की गई तथा छात्रावास में रहने वाली छात्राओं के प्रशिक्षण के लिए भी विशेष व्यवस्था मुहैया कराने की तैयारी की गई।

# फीफा वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल की 8 टीमें पक्की



दोहा, एजेंसी। फीफा वर्ल्ड कप 2022 की शुरुआत 32 टीमों के साथ हुई थी। ग्रुप राउंड के मुकाबले के बाद 16 टीमें बाहर हो गईं। अब टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर मुकाबले भी समाप्त हो चुके हैं। इसमें भी 8 टीमों का सफर समाप्त हो गया। वहीं 8 टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। इसमें 5 बार के चैंपियन ब्राजील के अलावा क्रोएशिया, नीदरलैंड्स, अर्जेंटीना, फ्रांस, पुर्तगाल, इंग्लैंड और मोरक्को शामिल है। मोरक्को की टीम पहली बार टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। टूर्नामेंट का सेमीफाइनल 14 और 15 जबकि फाइनल 18 दिसंबर को होगा।

### प्री क्वार्टर फाइनल के नतीजे

- नीदरलैंड्स ने अमेरिका को 3-1 से हराया
- अर्जेंटीना ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया
- फ्रांस ने पोलैंड को 3-1 से हराया
- इंग्लैंड ने सेनेगल को 3-0 से हराया
- क्रोएशिया ने जापान को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराया
- ब्राजील ने दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराया
- मोरक्को ने पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को 3-0 हराया
- पुर्तगाल ने स्विट्जरलैंड को 6-1 से हराया

### 9 दिसंबर से क्वार्टर फाइनल

फीफा वर्ल्ड कप में 8 दिसंबर को ब्रेक है यानी एक भी मुकाबला नहीं होगा। 9 दिसंबर से क्वार्टर फाइनल मुकाबलों की शुरुआत होगी। पहला क्वार्टर फाइनल गत उपविजेता क्रोएशिया और ब्राजील के बीच होगा। ब्राजील की टीम बेहतरीन लय में चल रही है। साउथ कोरिया के खिलाफ टीम ने पहले ही हाथ में गोल गोल दाग दिये थे। वहीं क्रोएशिया ने पेनल्टी शूटआउट में जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल का टिकट कटाया था।

### फीफा वर्ल्ड कप 2022 के क्वार्टर फाइनल का शेड्यूल

- 9 दिसंबर, शुक्रवार (8.30 PM IST) एजुकेशन सिटी स्टेडियम में क्रोएशिया बनाम ब्राजील
- 10 दिसंबर, शनिवार (12.30 AM IST) लुसैल स्टेडियम में नीदरलैंड बनाम अर्जेंटीना
- 10 दिसंबर, शनिवार (8.30 PM IST) अल थुमामा स्टेडियम में पुर्तगाल बनाम मोरक्को
- 11 दिसंबर, रविवार (12.30 AM IST) अल बैत स्टेडियम में इंग्लैंड बनाम फ्रांस

# बेल्जियम के गोल्डन जनरेशन के अंत की हुई शुरुआत, दिग्गज खिलाड़ी ने किया संन्यास का ऐलान



ब्रूसेल्स (बेल्जियम), एजेंसी। फीफा वर्ल्ड कप 2022 में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली टीमों के खिलाड़ियों के संन्यास लेने का सिलसिला शुरू हो गया है। बेल्जियम के फॉरवर्ड एडेन हजार्ड ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की। एक हफ्ते पहले ही टीम फीफा विश्व कप से बाहर हो गयी थी। इस 31 साल के विंगर ने 2008 में 17 वर्ष की उम्र में राष्ट्रीय टीम के लिये पदार्पण किया था। उन्होंने टीम के लिये 126 मैच खेले और 33 गोल दागे।

### नॉकआउट में नहीं पहुंची बेल्जियम

बेल्जियम की टीम क्रोएशिया से गोल रहित ड्रॉ के बाद विश्व कप से बाहर हो गयी थी जबकि क्रोएशिया की टीम ग्रुप एफ में मोरक्को के बाद दूसरे स्थान पर रहने से अगले दौर में पहुंची थी। अपने ग्रुप में टीम तीसरे नंबर पर रही और नॉकआउट के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई। हजार्ड ग्रुप चरण में गोल करने में विफल रहे।

### सोशल मीडिया पर किया ऐलान

रियाल मैड्रिड के इस खिलाड़ी ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम पेज पर लिखा, 'एक पन्ना आज पलट गया।' उन्होंने लिखा, '2008 के बाद सारी खुशियां साझा करने के लिये शुक्रिया। अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को समाप्त करने का फैसला कर लिया। आपकी कमी खलेगी। हजार्ड के संन्यास के साथ ही बेल्जियम के गोल्डन जनरेशन के अंत की शुरुआत हो गई है। 2006 और 2010 वर्ल्ड कप के लिए टीम क्वालीफाई भी नहीं कर पाई थी। लेकिन पिछले दो फीफा वर्ल्ड कप में बेल्जियम की टीम अपने ग्रुप में टॉप पर रही। टीम में हजार्ड के अलावा केविन डी ब्रूइन, रोमेलू लूकाकू और थिबाउट कोर्टियस जैसी खिलाड़ी आए। 2014 में टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची। 2018 में हुए टूर्नामेंट में टीम ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। जहां उसे फ्रांस से हार मिली थी। तीसरे स्थान के मुकाबले में टीम ने इंग्लैंड को 2-0 से हराया था। हजार्ड ने इस मुकाबले में गोल भी किया था।

# गेंदबाजों के छक्के छुड़ाने को तैयार वीरेंद्र सहवाग का बेटा, दिल्ली की टीम में मिली जगह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के साथ दो विश्व कप जीतने वाले वीरेंद्र सहवाग की बल्लेबाजी का हर कोई दीवाना है। अपने करियर में उन्होंने दुनिया के कई दिग्गज गेंदबाजों को छक्के छुड़ाए थे। पहली गेंद से आक्रमण करने की कला ने सहवाग को खास बनाया था। अब उनकी इसी कला को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी बेटे आर्यवीर सहवाग पर है। आर्यवीर को भी क्रिकेट पसंद है और वह भी पिता की तरह विस्फोटक बल्लेबाजी करते हैं। आर्यवीर ने अपने करियर में आगे बढ़ते हुए एक और सफलता हासिल की है। उनका बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए दिल्ली की टीम में हुआ है। 15 साल के आर्यवीर दुनिया को अपनी बल्लेबाजी दिखाने के लिए तैयार हैं। सोशल मीडिया पर उनकी बल्लेबाजी के कई वीडियो हैं। वह पिता की तरह ही स्टांस लेते हैं। उन्हें भी तेजी से बल्लेबाजी करना पसंद है। दिल्ली की अंडर-16 टीम बिहार के सामने हुई, लेकिन प्लेइंग-11 में आर्यवीर को नहीं चुना गया। उन्हें खेलने का मौका भले ही नहीं मिला, लेकिन बड़े स्तर पर उनकी एंट्री जरूर हो गई है। उन्हें अगर खेलने का मौका मिलता है तो वह प्रभावित कर सकते हैं। सहवाग ने अपने करियर में कई गेंदबाजों की दुनिया की। उन्होंने 104 टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान करीब 50 की औसत से 8586 रन बनाए। सहवाग ने 251 वनडे मैचों में करीब 35 की औसत से 8273 रन बनाए। अब देखना है कि उनका बेटा कहां तक आगे बढ़ता है।





# यह शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य का इलाज करने का समय है

### द रिस्टोर अवार्ड्स के चौथे संस्करण में फिल्म निर्माता प्रकाश झा की अपील

**मुंबई, यशभारत।** फिल्म निर्माता प्रकाश झा, जो आम आदमी के सामने आने वाले मुद्दों का सामना करने के लिए समाज को चुनौती देने वाली जमीनी स्तर की फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, एक दुर्लभ इशारे में मानसिक स्वास्थ्य योद्धाओं के समर्थन में सामने आए। मुंबई में ताज लैंड्स एंड में आयोजित द रिस्टोर अवार्ड्स के चौथे संस्करण में बोलते हुए, झा ने कहा, यह शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य का इलाज करने का समय है। जब आपका एक्सीडेंट होता है, हार्ट अटैक होता है तो आप डॉक्टर के पास दौड़ते हैं। लेकिन जब हम भावनात्मक रूप से टूटते हैं, तो हम उसे चुप करा देते हैं। अपने आप को अनम्यूट करें।



द रिस्टोर अवार्ड् एक वार्षिक कार्यक्रम है जो 2019 में शुरू हुआ, ताकि लोगों को उनकी शारीरिक और भावनात्मक पीड़ा को दबाने के बजाय बाहर आने में मदद मिल सके। विशिष्ट अतिथि के रूप में पुरस्कार समारोह में शामिल होने वाले अन्य नेताओं में मैरिको इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष हर्ष मारीवाला थे, जो इन पुरस्कारों के लिए 2019 में पहले मुख्य अतिथि भी थे; डॉ. जवाहर पंजवानी, वरिष्ठ आर्थोपेडिक सर्जन, जो सिर्फ नुस्खे और सर्जरी के बजाय मन शरीर के उपचार का समर्थन करते हैं, अभिनेता विवेक मुशरान, जो इस कारण के समर्थन में सामने आए, और अन्य वरिष्ठ कॉर्पोरेट बिजनेस लीडर्स जिन्होंने पिछले चार वर्षों में लगातार अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया पुरस्कारों के लिए। पुरस्कार समारोह में उद्घाटन दीप प्रज्वलित करते हुए, जो मानसिक स्वास्थ्य योद्धाओं, मरहम लगाने वालों, डॉक्टरों, स्थिरता उद्यमियों को पहचानता है और उनका जश्न मनाता है, झा ने अपनी उपस्थिति के बारे में बताते हुए कहा, च्ये पुरस्कार भावनात्मक स्वास्थ्य के मुद्दों से जूझ रहे लोगों के बीच उत्प्रेरक हैं, अक्सर परिवार के समर्थन के बिना, और चिकित्सक, डॉक्टर जो मानसिक भलाई के क्षेत्र में प्रभावशाली काम कर रहे हैं। अपनी उपस्थिति से, मैं इन ऑन-ग्राउंड फरिश्तों का उनके समुदायों को प्रभावित करने के लिए समर्थन और सराहना करता हूं।ज्ज उनकी फिल्में - कई ब्लॉकबस्टर स्थिति तक पहुंचती हैं - बंधुआ मजदूरी, जाति, वर्ग, सत्ता, राजनीति, पुलिसिंग, भ्रष्टाचार, के मुद्दों का सामना करने के लिए समाज और व्यवस्था को आगे बढ़ाती हैं। पितृसत्ता, और प्रतिरोध। और अब, ऐसा लगता है कि वह मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के आघात के बारे में समाज को खोलने के लिए चुनौती दे रहा है। कैंसर न्यूट्रिशन विशेषज्ञ और द रिस्टोर अवार्ड्स की संस्थापक रचना छाछी ने कहा, इस कारण के लिए खड़े होने और पुरस्कारों में हमारे मुख्य अतिथि होने के लिए सहमत होने के लिए हमें सिर्फ एक ईमेल मिला।ज्ज च्वह रुका भी नहीं। आम तौर पर, हमें मशहूर हस्तियों के आरोपों के बारे में बताया गया था, लेकिन प्रकाशजी तुरंत मान गए क्योंकि कारण हम में से किसी से भी बड़ा है। शुद्धा के बैनर तले चार महिला स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा स्थापित, द रिस्टोर अवार्ड्स में हर साल विजेताओं को चुनने के लिए एक वैश्विक सम्मानित स्वतंत्र जूरी है। एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस द्वारा प्रस्तुत, और टेटली, हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा और मेट्रोपोलिस लैब्स जैसे प्रायोजक भागीदारों के साथ, जिन्होंने इस गैर-लाभकारी कारण को संभव बनाया है, इस वर्ष वैश्विक नामांकन की संख्या 2000 को पार कर गई और निर्णायक मंडल को निर्णय लेने में कठिन कार्य करना पड़ा केवल 11 विजेता। जूरी सदस्यों में से एक डॉ मिकी मेहता ने कहा, च्हमारे लिए सभी योग्य उम्मीदवारों को देखना और विजेताओं का चयन करना बहुत मुश्किल था क्योंकि हर कोई अपनी कहानी कहने का हकदार है।ज्ज च्ये पुरस्कार सुनिश्चित करते हैं कि जमीनी स्तर पर काम करने वाले लोग जो मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं, इस बड़े पैमाने की पहल के माध्यम से सुने जाते हैं।ज्ज पुरस्कार 300,000 लोगों को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किए जाते हैं, मानसिक स्वास्थ्य नामांकित व्यक्तियों और विजेताओं को उनके प्रभावशाली काम के लिए एक मंच प्रदान करते हैं।कुछ विजेताओं में 24 वर्षीय व्हीलचेयर बाध्य मस्कुलर डिस्ट्रॉफी रोगी करण शाह शामिल हैं, जो सार्वजनिक स्थानों पर व्हीलचेयर के अनुकूल शौचालय बनाने के लिए बीएमसी पर जोर दे रहे हैं;डॉ. दीप्ति पिंटो रोसारियो, एक स्त्री रोग विशेषज्ञ, जो, अस्पताल और नैदानिक घंटों के बाद, महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए जागरूकता फैलाने और मिथकों को दूर करने के लिए कड़ी मेहनत करती हैं - यौन स्वास्थ्य, यौवन, किशोर स्वास्थ्य, प्रजनन वर्ष, प्रसवोत्तर और रजोनिवृत्ति; और चेज़ फ्रीडमैन, लॉस एंजिल्स स्थित योद्धा, जो दो साल के भीतर गर्दन के नीचे की ओर लकवाग्रस्त हो गए थे, और अपने डॉक्टरों के निदान को खारिज कर दिया कि वह फिर कभी नहीं चल पाएंगे।

# चोट के बावजूद रोहित शर्मा ने दिखाई हिम्मत, अंत तक की लड़ाई, ताजा हो गई स्मिथ-तमीम इकबाल की याद

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे वनडे में चोटिल होने के बावजूद बल्लेबाजी की। वह टीम इंडिया को जीत के करीब ले गए, लेकिन अंत में हार मिली। बुधवार (सात दिसंबर) को हिटमैन फील्डिंग के दौरान बाएं अंगूठे में चोट लगा बैठे। उसके बाद उनका एक्स-रे हुआ। उन्होंने फील्डिंग के दौरान कप्तानी नहीं की। केएल राहुल ने कमान संभाली। रोहित ओपनिंग करने आए तो ऐसा लगा कि वह मैच बल्लेबाजी नहीं करेंगे। शार्दुल ठाकुर के आउट होने के बाद जब रोहित शर्मा बल्लेबाजी के लिए उतरे तो सभी हैरान रह गए। उस समय टीम इंडिया को जीत के लिए 44 गेंद पर 65 रन बनाने थे। रोहित ने अंत तक मैच में रोमांच बनाए रखा और 28 गेंद पर नाबाद 51 रन बनाए। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में सात विकेट पर 271 रन बनाए थे। जवाब में टीम इंडिया 50 ओवर में नौ विकेट पर 266 रन ही बना सकी। बांग्लादेश ने इस मैच को पांच रन से जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त हासिल कर ली।

### स्मिथ और तमीम की आई याद

चोटिल होने के बाद दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ और बांग्लादेश के तमीम इकबाल ने भी यादगार पारियां खेली हैं। ऐसे में जब भी कोई खिलाड़ी चोटिल होने के बाद बल्लेबाजी के लिए आता है तो फैंस को स्मिथ और तमीम की याद आ जाती है।

### स्मिथ के साथ क्या हुआ था?

2008-09 में आयोजित सीरीज के दौरान सिडनी टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 445 रन बनाने थे। स्मिथ चोटिल होकर रिटायर्ड हर्ट हो गए। फिर अफ्रीकी टीम के नौ विकेट पर 257 रन पर गिर गए। यहां से सब सोच रहे थे कि अब बल्लेबाजी के लिए कौन उतरेगा।



# अब कैसी है सामंथा की तबीयत?

मुंबई,ईएमएस। साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु की तबीयत बीते कुछ दिनों ने खराब चल रही है। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण सामंथा फिलहाल फिल्मों की शूटिंग से दूर हैं। अब सामंथा की तबीयत से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। ताजा हेल्थ अपडेट के अनुसार अभिनेत्री रुथ की सेहत में सुधार बताया जा रहा है। साथ ही इस बात की भी जानकारी सामने आई है कि वह कब से फिल्मों की शूटिंग शुरू करने वाली हैं। अभिनेत्री सामंथा ने कुछ हफ्ते पहले अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया था। इसमें उन्होंने जानकारी दी थी कि वह मायोजिटिस नामक एक ऑटोइम्यून बीमारी से पीड़ित हैं। इसके बाद सामंथा ने फैंस के साथ अपनी बीमारी से जुड़ी बातें भी साझा की थी। उन्होंने बताया था कि वे फिलहाल इलाज के लिए यूएसए जा रही हैं और इसी कारण वह काम से छुट्टी पर हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अब सामंथा अपना इलाज करवाकर भारत लौट आईं हैं।

### जल्द शुरू करेंगी शूटिंग

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सामंथा रुथ प्रभु जल्द ही फिल्मों की शूटिंग पर भी लौटने वाली हैं। वह साउथ के सुपरस्टार विजय देवरकोंडा के साथ शूटिंग शुरू करेंगी। उनकी फिल्म कुशी का नया शेड्यूल 14 दिसंबर से चालू हो सकता है। इस फिल्म की शूटिंग में सामंथा के शामिल होने की संभावना है।

### सामंथा की आने वाली फिल्में

सामंथा रुथ प्रभु की आने वाली फिल्मों की बात करें तो अभिनेत्री के पास कुशी के अलावा ग फिल्म भी है। सामंथा बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन के साथ पहली बार स्क्रीन शेयर करेंगी। समांथा और विजय देवरकोंडा की फिल्म कुशी केवल तमिल और तेलुगू भाषा में ही रिलीज होगी।

# कई घंटे के नाटक के बाद पाकिस्तानी टीम को मिला भारत का वीजा, अब वर्ल्ड कप में हो सकेगी शामिल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के 34 खिलाड़ियों और अधिकारियों को केंद्रीय गृह मंत्रालय से वीजा मंजूरी मिलने के बाद भारत में चल रहे दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप में पाकिस्तान की दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम के भाग लेने का रास्ता साफ हो गया है। इसकी मंजूरी के बाद विदेश मंत्रालय पाकिस्तानी खिलाड़ियों और अधिकारियों को वीजा जारी करेगा ताकि वे 5 से 17 दिसंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए भारत की यात्रा कर सकें। मंत्रालय के एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि गृह मंत्रालय ने दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप में भाग लेने के लिए 34 पाकिस्तानी खिलाड़ियों और अधिकारियों को वीजा जारी करने की मंजूरी दे दी है। बारह दिन चलने वाले टूर्नामेंट में अब भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, नेपाल और दक्षिण अफ्रीका की टीमें हिस्सा लेंगी। इस टूर्नामेंट के मुकाबले फरीदाबाद, दिल्ली, मुंबई, इंदौर और बेंगलुरु में खेले जाएंगे। भारत अपनी मेजबानी में खिताब का दावेदार है। माना जा रहा है कि फाइनल में उसकी टक्कर पाकिस्तान के साथ हो सकती है।

### पाकिस्तान ने दी थी वीजा नहीं मिलने की जानकारी

इससे पहले यह बताया गया था कि पाकिस्तानी टीम को वीजा नहीं मिला है। इसकी पुष्टि भारतीय क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (सीएबीआई) ने भी की थी। वीजा नहीं मिलने पर पाकिस्तान दृष्टिबाधित क्रिकेट परिषद (पीबीसीसी) ने मंगलवार को बयान जारी करके कहा कि उनकी टीम को भारतीय विदेश मंत्रालय से अनुमति नहीं मिली। पीबीसीसी ने कहा था, ''इस घटना से पाकिस्तान की दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम अधर में लटक गई। इस बात की संभावना थी कि फाइनल में भारत का मुकाबला हमारी टीम से होता। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए पाकिस्तान के चैंपियन बनने की दावेदार थी।'' इस प्रतियोगिता का उद्घाटन भारत के पूर्व क्रिकेट युवराज सिंह ने गुरुग्राम में एक कार्यक्रम के दौरान सोमवार को किया था। मंगलवार को मुकाबलों की शुरुआती हुई और फाइनल मैच में 17 दिसंबर को खेला जाएगा। पीबीसीसी ने कहा था, च्भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा देने के लिए अपनी सरकार से गुहार लगाई थी, लेकिन किसी की नहीं सुनी गई। इस भेदभावपूर्ण कार्रवाई के विश्व दृष्टिबाधित क्रिकेट को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे क्योंकि हम विश्व दृष्टिबाधित क्रिकेट से उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग करेंगे ताकि भारत को भविष्य में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी न मिले।

# होटलकर्मी की संदिग्ध मौत को गंभीरता से नहीं ले रही पुलिस

## बारीकी से जांच करने पर हो सकता है अंधे कत्ल का पर्दाफाश



### परिजनों ने की होटल के संदिग्ध कर्मचारियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की मांग

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली के बरही रोड क्षेत्र स्थित चिराग होटल के एक कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले को पुलिस गंभीरता से नहीं ले रही है। पूरे मामले में परिजनों के द्वारा होटल के कुछ कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध बताए जाने के बावजूद पुलिस उनको हिरासत में लेकर पूछताछ करना तक उचित नहीं समझ रही है। जबकि यदि इस पूरे मामले में परिजनों के बयान और होटल के कुछ कर्मचारियों की भूमिका की बारीकी से जांच की जाए तो एक अंधे कत्ल का पर्दाफाश हो सकता है। गौरतलब है कि माधवनगर थाना क्षेत्र की झिंझरी पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम कछगवां निवासी लगभग 30 वर्षीय दीपक पिता स्वर्गीय बलराम चौबे की बरही रोड क्षेत्र स्थित चिराग होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मामले में मृतक के परिजनों ने होटल के कुछ कर्मचारियों की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए उन पर हत्या का आरोप लगाया था और इस मामले में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन को एक शिकायत देकर आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की थी। पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में मृतक दीपक चौबे के भाई शिवम चौबे कहना था कि मेरा भाई दीपक विगत 5-6 वर्षों से बरही रोड क्षेत्र स्थित चिराग होटल में काम करता था। 24 नवंबर को भाई के साथ काम करने वाले एक तिवारी नामक युवक ने फोन पर दीपक की तबियत खराब होने व शरीर अकड़ा हुआ होने की जानकारी दी गई। जिसके बाद मै अपने अन्य परिजनों के साथ होटल पहुंचा। होटल के अंदर एक बोरे में मेरा भाई लेटा हुआ था तथा उसके सिर में गंभीर चोट का निशान भी था। सिर में चोट की वजह से दीपक के सिर के नीचे रखा तकिया खून से भीगा हुआ था तथा दीपक का शरीर अकड़ा हुआ था। शिवम ने बताया कि वह अपने परिजनों की मदद से दीपक को तत्काल जिला अस्पताल लेकर आया। जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने दीपक का शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की लेकिन घटना के 15 दिन बाद भी पुलिस के द्वारा संदिग्ध मौत के इस मामले में होटल में दीपक के साथ काम करने वाले संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर न तो पूछताछ की जा रही है और न ही उन पर कोई कार्रवाई की जा रही है। शिवम ने होटल में भाई के साथ काम करने वाले कुछ युवकों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग पुलिस अधीक्षक से की है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट तक देने में आनाकानी कर रही पुलिस

मृतक दीपक के परिजनों ने कोतवाली पुलिस पर संवेदनहीनता का आरोप भी लगाया है। परिजनों का कहना है कि परिवार के एक होनहार बालक की मौत होने के बाद उनका पूरा परिवार सदमें है। इसके बावजूद उनकों आज तक पीएम रिपोर्ट नहीं दी गई और पीएम रिपोर्ट की मांग करने पर कोतवाली में पदस्थ पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा उनसे अपराधियों की तरह बात की जाती है।

### कई अनसुलझे सवाल छोड़ गई दीपक की मौत

शिवम का आरोप है कि उसके भाई दीपक के घायल होने से लेकर मौत तक कई अनसुलझे सवाल हैं। जिसके जबाब नहीं मिल रहे है। शिवम का कहना है कि होटल के कर्मचारी एवं ठहरे हुए लोग द्वारा उसे सीढ़ी से गिरना बताया गया एवं सिर से खून निकलना परन्तु इसके बावजूद रात में किसी प्रकार की सूचना नहीं दी गई। रात में उसे अस्पताल ले जाकर उपचार न कराकर जमीन पर एक कबल लपेट कर सुला देना। शरीर में सिर के अलावा गिरने का कोई निशान न होना। वहां के कर्मचारी तिवारी के बड़े भाई को मृतक दीपक चौबे द्वारा 3 दिन पहले लाज से अलग कर देना, जिस कारण तिवारी द्वारा उससे नाराज एवं बैर भाव रखना। इसके अलावा



रात में दीपक के घायल होने के बाद उसके साथ काम करने वाला एक कर्मचारी रातभर दीपक का मोबाइल चलाता रहा लेकिन परिजनों को उसके घायल होने की जानकारी नहीं दी। होटल संचालक सुरेश कलवानी द्वारा दीपक चौबे को विगत 2 वर्षों से तनख्वाह का पूरा पैसा न देकर 1000-1500 रूपया देना एवं कहना पैसा मेरे पास जमा है दे दूंगा। इस प्रकार होटल संचालक द्वारा दीपक चौबे का लाखो रूपया बकाया रहना। शिवम का कहना है कि इन सभी सवालों से यही समझ में आता है कि रात में विवाद के बाद उसके भाई दीपक पर किसी धारदार वस्तु से सिर में चोट की गई थी, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना को वहां रहने वाले लोग एवं होटल संचालक ने रात भर छिपाए रखा तथा सुबह जल्दी पोस्ट मार्टम कराकर मामला रफा-दफा करने की कोशिश की गई।



# 18 करोड़ की लागत से बनेगा स्लीमनाबाद बायपास का ध्वस्त हिस्सा

### एनएचएआई आज से करेगी कार्य की शुरुआत, 6 माह में पूरा होगा निर्माण

**कटनी, यशभारत।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 में स्लीमनाबाद बायपास पर अंडर ग्राउंड टनल निर्माण के दौरान एक साल पहले ध्वस्त हुए ब्रिज के निर्माण कार्य का मार्ग प्रशस्त हो गया है। अब जल्द ही ध्वस्त ब्रिज की मरम्मत ओर निर्माण कार्य शुरू होगा। ध्वस्त ब्रिज का निर्माण कार्य एनएचएआई कराएगा। 18 करोड़ की लागत राशि से ध्वस्त ब्रिज का निर्माण कार्य होगा। जिसकी टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। जबलपुर की कम्पनी को निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निर्माण एजेंसी ब्रिज निर्माण कार्य 6 माह में पूर्ण कर लेगी। इसके बाद ही बायपास में दोनों ओर से वाहनों का आवागमन शुरू हो सकेगा, जिससे स्लीमनाबाद बस्ती से जो भारी वाहनों की जो आवाजाही हो रही हैए उससे निजात मिल सकती है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में स्लीमनाबाद बायपास का ब्रिज ढहने के बाद मरम्मत और निर्माण का मामला विगत 1 साल से एनएचएआई और एनवीडीए के बीच उलझा रहा। 31 अक्टूबर 2021 को ब्रिज उस समय ध्वस्त हो गया था जब अंडर ग्राउंड टनल का कार्य ब्रिज के नीचे हो रहा था। ब्रिज निर्माण को लेकर एनएचएआई के अधिकारी एनवीडीए से नुकसान की राशि की मांग कर रहे थे और एनवीडीए भी नहर निर्माण एजेंसी से राशि वसूलने की जुगत में थे लेकिन ठेकेदार ने हाथ खड़े कर दिए। लम्बी समयावधि बीतने के बाद स्लीमनाबाद बस्ती से होकर गुजर रहे रेलमपेल वाहनों की आवाजाही से आवागमन तो दूभर हो ही रहा था साथ ही बस्ती अंदर का मार्ग भी कई बार क्षतिग्रस्त हुआ। जिससे उड़ती धूल से रहवासी व व्यापारी परेशान थे। दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। जर्जर लिंक रोड और बायपास में भी वनवे मार्ग से वाहनों की धमाचौकड़ी होती थी।

**ब्रिज निर्माण पूर्ण होते ही स्लीमनाबाद बस्ती के अंदर से बंद होगा भारी वाहनों का आवागमन**

### समय सीमा में होगा काम-प्रोजेक्ट डायरेक्टर

एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुमेश बांझल ने बताया कि स्लीमनाबाद बायपास के ओवरब्रिज की मरम्मत और निर्माण कार्य 18 करोड़ रुपए की लागत से होगा। सर्विस रोड का मरम्मत कार्य आज गुरुवार से शुरू हो जाएगा। 6 माह कार्य की समय सीमा तय की गई है।



### चलती ट्रेन में चढ़ते समय गिरी वृद्धा की इलाज के दौरान मौत

**कटनी, यशभारत।** मुख्य रेलवे स्टेशन कटनी जंक्शन में चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रही वृद्ध महिला हादसे का शिकार हो गई। महिला को गंभीर चोट लगने के कारण उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है। सूचना पर जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खंडवा जिले के हरसूद बड़खसिया निवासी 64 लाड़की बाई पति रवि माणिक एक साल पहले हाथ फैक्चर हो गया था। वृद्धा हाथ को ठीक कराने के लिए ग्रामीणों के साथ रीठी मोहास पहुंची थी। वहां से मंगलवार की दोपहर घर लौट रही थी। वापस जाने के लिए कटनी स्टेशन पहुंची। जब वृद्धा स्टेशन पहुंची तो ट्रेन छूट गई थी, उसने चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया और हादसे का शिकार हो गई। वृद्धा को गंभीर चोट लग गई। सूचना पर जीआरपी पुलिस पहुंची और घायल को उपचार के जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां महिला की मौत हो गई।

### मुड़वारा स्टेशन में मिला अज्ञात युवक का शव

**कटनी, यशभारत।** मुड़वारा रेलवे स्टेशन में एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया है। जीआरपी ने शवपरीक्षण कराते हुए मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास की जा रही है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई है, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। थाना प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

### किशोर व किशोरी ने लगाई फांसी

**कटनी, यशभारत।** बरही व बड़वारा थाना अंतर्गत घटित दो अलग-अलग घटनाओं में एक 17 वर्षीय किशोर व एक 17 वर्षीय किशोरी के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बरही थाना अंतर्गत गैरतलाई क्षेत्र निवासी 17 वर्षीय अनुराधा सिंह पिता बुध्द सेन के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। इसी प्रकार बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम सुनहरा निवासी 17 वर्षीय कृष्णा सिंह पिता गिरधारी सिंह राठौर के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास घर में किया गया लेकिन फंदे पर लटकता तत्काल परिजनों ने देख लिया और कृष्णा को फंदे से उतारकर उपचार के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां उपचार के दौरान कृष्णा की मौत हो गई। दोनों ही मामलों में आत्महत्या किए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों की जांच कर रही है।

# डकैती कांड में गिरफ्तार तीनों आरोपियों की रिमांड अवधि दो दिन बढ़ी

### गिरफ्तारी तो दूर मणप्पुरम बैंक डकैती कांड में फरार मुख्य आरोपियों का 12 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लगा पाई पुलिस







**कटनी, यशभारत।** रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत बरगवां क्षेत्र स्थित मणप्पुरम गोल्ड लोन फाइनेंस बैंक में 26 नवंबर को दिन दहाड़े हथियार की नोंक पर डकैती की वारदात में अभी तक पुलिस तीन बदमाशों को पकड़ चुकी है लेकिन उनसे लूटा गया सामान बरामद नहीं हुआ है। बुधवार को पकड़े गए तीनों बदमाशों की रिमांड अवधि पूरी हो गई थी। परीक्षण के बाद पुलिस ने न्यायालय में पेश किया और दो दिन की रिमांड पर फिर तीनों आरोपियों को लिया है। आरोपी शुभम तिवारी निवासी पटना बिहार एवं अंकुश साहू उर्फ विवेक निवासी बक्सर बिहार सहित शहबाज खान को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं फरार चार बदमाश अखिलेश उर्फ विकास उर्फ जॉन निवासी वैशाली बिहार, अर्जुन उर्फ पीयूष उर्फ आयुष जयसवाल निवासी पटना, मिथिलेस उर्फ धर्मेन्द्र पाल निवासी बक्सर एवं अमित सिंह उर्फ विक्कू निवासी हॉजीपुर वैशाली की तलाश में पुलिस एक पखवाड़े से कई राज्यों की खाक छान रही है लेकिन अब तक इन चारों मुख्य आरोपियों के संबंध में कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा है। गौरतलब है कि एक और संदेही की खबर मुखबिर से पुलिस को मिली थी लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं आ पाया। पुलिस शीघ्र ही बदमाशों को पकड़ लेने का दावा कर रही है। इस मामले में पुलिस बिहार के जेल में बंद मास्टर माइंड कुख्यात अपराधी सुबोध सिंह को भी अब तक आरोपी नहीं बना पाई है। दिलीप सिंह को भी आरोपी नहीं बनाया गया है। डकैती की इस वारदात में पुलिस का मानना है कि अब तक 11 लोग शामिल रहे हैं, इनमें से अभी भी 8 बदमाश पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। अन्य बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस रिमांड पर लिए गए आरोपियों से पूछताछ करेगी।

#### इनका कहना है

बैंक डकैती कांड में गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों की रिमांड अवधि समाप्त हो गई थी। जिसके बाद उन्हे पुनः न्यायालय में पेश कर और पूछताछ के लिए दो दिन की और रिमांड ली गई है।

**-सुनील कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक**




### बरही स्वास्थ्य केंद्र को मिला सिविल अस्पताल का दर्जा

#### विजयराघवगढ़ क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में हुआ विस्तार

**कटनी, यशभारत।** मप्र शासन के पूर्व मंत्री विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के प्रयासों से विजयराघवगढ़ क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार विस्तार हो रहा। इसी कड़ी में राज्य शासन स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्रालय द्वारा बरही स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल का दर्जा देकर उन्नयन किया गया है। इसके अलावा गैरतलाई एवं कारीतलाई स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्रों का उन्नयन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में किया गया है। इन स्वास्थ्य केंद्रों का दर्जा बढ़ाये जाने से यहां स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा जिसका लाभ यहां ग्रामीणों को मिलेगा। क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों को यह सौगात मिलने पर विधायक श्री पाठक ने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, प्रदेशाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय सांसद व्ही डी शर्मा सहित स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी के प्रति आभार जताया है।




रेट- 75/- फीट

सभी प्रकार के रेडीमेड प्रीकास्ट वॉल हमारे यहां उचित रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

बजाज इंडस्ट्रीज

पता- इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 142 कटायेघाट, कटनी मो. 8889696888




प्लाट बिकाऊ हैं

शांतिनगर, बारह बंगला, राय कॉलोनी एवं समदड़िया सिटी के पास हर साइज के प्लाट उपलब्ध हैं।

दर- 1000/- से 1200/- प्रति वर्गफुट

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें - मो. 9993705740

JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पथ्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668



वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ

डॉ. अशोक चौदहा

एम.बी.बी.एस.डी.सी.एच.

क्लीनिक- राष्ट्रीय स्कूल के पास, घंटाघर रोड, कटनी

मरीज देखने का समय- 10.30 से 3 बजे तक

निवास- डन कॉलोनी बरगवां, कटनी

मरीज देखने का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक सायं 6.30 से रात्रि 8 बजे तक

मो. 9893723087, 8319994375







SHRI HOSPITAL KATNI

विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ

सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।



डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ

डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ

संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी 9425325316, 9425151543, 9752414316



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)